एक्सपोज़र कंपंसेशन गाइड प्रदर्शित किए जाते हैं।

2 बहु-चयनकर्ता ▲ या ▼ को कंपंसेशन मान का चयन करने हेतु दबाएँ।

विषय को अधिक उज्ज्वल बनाने के लिए, एक्सपोज़र कंपंसेशन को "+" भाग की ओर समायोजित करें।

विषय को अधिक उज्ज्वल बनाने के लिए, एक्सपोज़र कंपंसेशन को "-" भाग की ओर समायोजित करें।



3 Ⓚ बटन दबाएँ।

यदि कोई सेटिंग Ⓚ बटन दबाए जाने पर कुछ सेकंड्स में लागू नहीं होती है, तो चयन रद्द हो जाएगा।

जब **0.0** के सिवाय कोई एक्सपोज़र कंपंसेशन मान लागू किया जाता है, तो मॉनीटर में मान, ⊠ आइकन के साथ प्रदर्शित किया जाता है।

4 शूट करने के लिए, शटर-रिलीज़ बटन दबाएँ।

एक्सपोज़र कंपंसेशन बंद करने के लिए, चरण 1 से दोहराएँ और **0.0** मान सेट करें, तब Ⓚ बटन दबाएँ।



एक्सपोज़र कंपंसेशन मान

(स्वतः) मोड (📖 50) में लागू एक्सपोज़र कंपंसेशन कैमरा की स्मृति में, कैमरा बंद होने के बाद भी सहेजा जाता है।

शूटिंग मोड का चयन

निम्नलिखित शूटिंग मोड का चयन किया जा सकता है।

Easy auto mode (आसान स्वतः मोड) 20

बस चित्र को फ़्रेम करते हुए, कैमरा सुगम शूटिंग के लिए स्वचालित रूप से इष्टतम दृश्य मोड का चयन करता है।

दृश्य 35

चयनित दृश्य प्रकार के लिए कैमरा सेटिंग का स्वचालित रूप से इष्तमीकरण किया जाता है।

Smart portrait (स्मार्ट पोर्ट्रेट) 46

कैमरा शूट करने के लिए स्वचालित रूप से मुस्कुराते चेहरे की पहचान करता है।

Sport continuous (सतत खेल) 48

जब आप शटर-रिलीज़ बटन को पूरी तरह दबाए रखते हैं तो, तेज़ सतत शूटिंग अनुमत करता है।

Auto mode (स्वतः मोड) 50

आप फ़्लैश मोड बदल सकते हैं, मैक्रो मोड (क्लोज़-अप के लिए) आदि का उपयोग कर सकते हैं, और चित्र ले सकते हैं। आप सतत रूप से चित्रों के बर्स्ट लेने का भी चयन कर सकते हैं।

1 शूटिंग मोड में बटन दबाएँ।

शूटिंग-मोड चयन मेनू प्रदर्शित होता है।



2 शूटिंग मोड का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲ या ▼ को दबाएँ।

जब दृश्य मोड चयनित होता है (शीर्ष से दूसरा आइकन), तो ▶ बटन दबा कर दृश्य प्रकार बदल सकते हैं। दृश्य का चयन करने के लिए ▲, ▼, ◀, या ▶ दबाएँ।

शूटिंग मोड में स्विच किए बिना मौजूदा शूटिंग मोड में लौटने के लिए, बटन या शटर-रिलीज़ बटन दबाएँ।



3 OK बटन दबाएँ।

कैमरा चयनित शूटिंग मोड में प्रवेश करता है।

स्वतः दृश्य चयन

जब आप कैमरा को विषय पर निर्देशित करते हैं, तो कैमरा स्वचालित रूप से निम्न में किसी एक दृश्य का चयन करता है।

- Auto mode (स्वतः मोड) (सामान्य उपयोग)
- Portrait (पोर्ट्रेट) (📖 36)
- Landscape (भूदृश्य) (📖 36)
- Night portrait (रात्रि पोर्ट्रेट) (📖 37)
- Night landscape (रात्रि भूदृश्य) (📖 39)
- Close-up (क्लोज़-अप) (📖 39)
- Backlighting (बैकलाइटिंग) (📖 41)

चेहरा पहचान के बारे में नोट्स

- चेहरे पहचानने की कैमरा की क्षमता, विषय कैमरे के सामने है या नहीं सहित, विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है। कैमरा निम्नलिखित परिस्थितियों में चेहरा पहचानने में असमर्थ हो सकता है:
  – जब चेहरा धूप के चश्मे या अन्य अवरोधों द्वारा आंशिक रूप से छिपे हों
  – जब चेहरे फ़्रेम से बहुत अधिक बड़े या बहुत छोटे हों
- जब फ़्रेम में अनेक लोग हों, कैमरा किस चेहरे पर फ़ोकस करेगा यह विभिन्न शूटिंग स्थितियों पर निर्भर करता है, जैसे कि विषय का रुख़ कैमरे की ओर है या नहीं।
- कुछ मामलों में, जिनमें "स्वतः-फ़ोकस" (📖 25) में नोट किए गए मामले भी शामिल हैं, संभव है स्वतः-फ़ोकस अपेक्षानुसार काम न करे, और डबल बॉर्डर हरे रंग में चमकने के बावजूद विषय फ़ोकस में ना हो। जब कैमरा फ़ोकस करने में असमर्थ हो, अन्य मोड का उपयोग करें, जैसे कि (स्वतः) मोड, वास्तविक पोर्ट्रेट विषय के समान कैमरे से उतनी ही दूरी पर अवस्थित अन्य विषय पर फ़ोकस करें, और फ़ोकस लॉक (📖 50) का उपयोग करें।

दृश्य के लिए उपयुक्त शूटिंग (दृश्य मोड)

चयनित दृश्य प्रकार के लिए कैमरा सेटिंग का स्वतः रूप से इष्टमीकरण किया जाता है। निम्नलिखित दृश्य मोड उपलब्ध हैं।

Portrait (पोर्ट्रेट)	Landscape (भूदृश्य)	Night portrait (रात्रि पोर्ट्रेट)	Party/indoor (पार्टी/इनडोर)
Beach (समुद्र तट)	Snow (बर्फ़)	Sunset (सूर्यास्त)	Dusk/dawn (गोधूलि/भोर)
Night landscape (रात्रि भूदृश्य)	Close-up (क्लोज़-अप)	Food (भोजन)	Museum (संग्रहालय)
Fireworks show (आतिशबाज़ी शो)	Black and white copy (श्वेत-श्याम कॉपी)	Backlighting (बैकलाइटिंग)	Panorama assist (पैनोरमा सहायता)
Pet portrait (पेट-पोर्ट्रेट)			

दृश्य मोड का चयन करना

1 शूटिंग मोड में 📷 बटन दबाएँ और दृश्य मोड का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲ या ▼ दबाएँ।

अंतिम प्रयुक्त दृश्य मोड का आइकन प्रदर्शित होता है। डिफ़ॉल्ट सेटिंग है (पोर्ट्रेट) (📖 36)।



2 ▶ दबाएँ, दृश्य का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲, ▼, ◀, या ▶ दबाएँ, और Ⓚ बटन दबाएँ।

चयनित दृश्य के लिए शूटिंग मोड स्क्रीन प्रदर्शित होता है।

दृश्य मोड प्रकार और विशेषताएँ → (📖 36)



3 विषय को फ़्रेम करें और चित्र लें।

फ़्लैश का उपयोग करने वाले दृश्य मोड के लिए, शूटिंग से पहले सुनिश्चित करें कि फ़्लैश को उठाने के लिए ϟ (फ़्लैश पॉप-अप) बटन दबाया जाता है।



छवि मोड

Image mode (छवि मोड) (📖 54) में छवि गुणवत्ता (संपीड़न)और छवि आकार संयोजन को बदलने के लिए दृश्य मोड में MENU बटन दबाएँ। यदि छवि मोड सेटिंग परिवर्तित होता है, तो नई छवि मोड सेटिंग अन्य शूटिंग मोड (सिवाय सतत खेल) पर भी लागू की जाती है।

प्रत्येक दृश्य (सहायता) का विवरण देखने के लिए

दृश्य चयन स्क्रीन (चरण 2) से दृश्य प्रकार का चयन करें और उस दृश्य के विवरण देखने के लिए ज़ूम नियंत्रण (📖 4) को **T** (❓) पर घुमाएँ। मूल स्क्रीन पर लौटने के लिए, दुबारा ज़ूम नियंत्रण को **T** (❓) पर घुमाएँ।

दृश्य का चयन और शूटिंग करना (दृश्य मोड प्रकार और विशेषताएँ)

इस खंड में विवरणों के लिए निम्नलिखित आइकनों का उपयोग किया जाता है: ⚡: फ़्लैश मोड जब फ़्लैश ऊपर उठाया जाए (📖 28); ⏲: सेल्फ़-टाइमर (📖 31); 🌷: मैक्रो मोड (📖 51); ±: एक्सपोज़र कंपंसेशन (📖 32)।

Portrait (पोर्ट्रेट)

इस मोड का उपयोग पोर्ट्रेट्स के लिए करें।
- यदि कैमरा कोई चेहरा पहचानता है, तो वह चेहरे पर फ़ोकस करता है। अधिक जानकारी के लिए "चेहरा पहचानना" (📖 24) देखें।
- यदि एक से ज़्यादा चेहरों की पहचान की जाती है, तो कैमरा उस चेहरे पर फ़ोकस करता है जो कैमरे के निकट हो।
- कोई चेहरा नहीं पहचानने पर, कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।
- डिजिटल ज़ूम उपलब्ध नहीं है।

⚡	👁⚡*	⏲	बंद*	🌷	बंद	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Landscape (भूदृश्य)

विभिन्न भूदृश्यों और सिटीस्केप्स के लिए इस मोड को उपयोग करें।
- कैमरा अनंत पर फ़ोकस करता है। फ़ोकस क्षेत्र या फ़ोकस सूचक (📖 8) शटर-रिलीज़ बटन आधा दबाए जाने पर हमेशा हरे रंग में चमकता है। तथापि, नोट करें कि अग्रभाग में रहने वाली वस्तुएँ हमेशा फ़ोकस में नहीं भी हो सकती हैं।

⚡	⊘	⏲	बंद*	🌷	बंद	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

🚶: 🚶 सहित दृश्य मोड के लिए, तिपाई का उपयोग अनुशंसित है। तिपाई का उपयोग करते समय **Vibration reduction (कंपन कमी)** (📖 113) को **Off (बंद)** पर सेट करें।

Night portrait (रात्रि पोर्ट्रेट)

रात को लिए गए पोर्ट्रेटों में मुख्य विषय और पृष्ठभूमि के प्रकाश के बीच स्वाभाविक संतुलन पाने के लिए इस मोड का उपयोग करें।

- शूटिंग से पहले फ़्लैश को ऊपर उठाएँ।
- यदि कैमरा कोई चेहरा पहचानता है, तो वह चेहरे पर फ़ोकस करता है। अधिक जानकारी के लिए "चेहरा पहचानना" (📖 24) देखें।
- यदि एक से ज़्यादा चेहरों की पहचान की जाती है, तो कैमरा उस चेहरे पर फ़ोकस करता है जो कैमरे के निकट हो।
- कोई चेहरा नहीं पहचानने पर, कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।
- डिजिटल ज़ूम उपलब्ध नहीं है।

⚡	👁[1]	⏲	बंद[2]	🌷	बंद	±	0.0[2]

[1] फ़्लैश मोड सेटिंग रेड-आई कमी सहित धीमा सिंक के साथ फ़्लैश भरें पर निर्धारित है।
[2] डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Party/indoor (पार्टी/इनडोर)

पार्टियों में चित्र लेने के लिए उपयुक्त। मोमबत्ती के प्रकाश और अन्य इनडोर बैकग्राउंड प्रकाश के प्रभाव कैप्चर करता है।

- कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।
- कैमरे को दृढ़ता से पकड़ें, क्योंकि चित्र कैमरा कंपन से आसानी से प्रभावित होते हैं। अंधेरे स्थान में, तिपाई का उपयोग अनुशंसित है। तिपाई का उपयोग करते समय **Vibration reduction (कंपन कमी)** (📖 113) को **Off (बंद)** पर सेट करें।

⚡	👁[1]	⏲	बंद[2]	🌷	बंद	±	0.0[2]

[1] हो सकता है, रेड-आई कमी फ़्लैश मोड के साथ धीमा सिंक उपयोग किया जाए। डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।
[2] डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Beach (समुद्र-तट)

समुद्र-तट या धूप में चमकते पानी के विस्तार जैसे विषयों की उज्ज्वलता कैप्चर करता है।

- कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।

⚡	AUTO*	⏲	बंद*	🌷	बंद	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Snow (बर्फ़)

धूप में बर्फ़ की उज्ज्वलता को कैप्चर करता है।
- कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।

⚡	⚡AUTO*	⏲	बंद*	🌷	बंद	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Sunset (सूर्यास्त) 🚶

सूर्यास्त और सूर्योदय में देखी जाने वाली गहरी ह्यु को सुरक्षित करता है।
- कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।

⚡	⊘*	⏲	बंद*	🌷	बंद	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Dusk/dawn (गोधूलि/भोर) 🚶

सूर्योदय से पहले या सूर्यास्त के बाद कम प्राकृतिक प्रकाश में देखे जाने वाले रंगों को सुरक्षित करता है।
- कैमरा अनंत पर फ़ोकस करता है। शटर-रिलीज़ बटन आधा दबाए जाने पर फ़ोकस क्षेत्र या फ़ोकस सूचक (📖 8) हमेशा हरे रंग में चमकता है। तथापि, नोट करें कि अग्रभाग में रहने वाली वस्तुएँ हमेशा फ़ोकस में नहीं भी हो सकती हैं।

⚡	⊘	⏲	बंद*	🌷	बंद	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

🚶: 🚶 सहित दृश्य मोड के लिए, तिपाई का उपयोग अनुशंसित है। तिपाई का उपयोग करते समय **Vibration reduction (कंपन कमी)** (📖 113) को **Off (बंद)** पर सेट करें।

Night landscape (रात्रि भूदृश्य)

रात्रि भूदृश्य चित्रों को लेते समय इस मोड का उपयोग करें। आकर्षक रात्रि भूदृश्यों को उत्पन्न करने के लिए धीमी शटर गतियों का उपयोग किया जाता है।

- कैमरा अनंत पर फ़ोकस करता है। शटर-रिलीज़ बटन आधा दबाए जाने पर फ़ोकस क्षेत्र या फ़ोकस सूचक (📖 8) हमेशा हरे रंग में चमकता है। तथापि, नोट करें कि अग्रभाग में रहने वाली वस्तुएँ हमेशा फ़ोकस में नहीं भी हो सकती हैं।

⚡	⊗	⏲	बंद*	🌷	बंद	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Close-up (क्लोज़-अप)



फूल, कीड़े और अन्य छोटी वस्तुओं को नज़दीक के रेंज में फ़ोटोग्राफ़ करें।

- मैक्रो मोड (📖 51) चालू होगा और ज़ूम स्वचालित रूप से यथा संभव नज़दीक की शूटिंग स्थिति में संचालित होगा।
- आप शूटिंग के दौरान विषय के कितने पास रह सकते हैं यह ज़ूम स्थिति पर निर्भर करता है। जब ज़ूम स्थिति को ऐसी स्थिति पर सेट किया गया हो जहाँ 🌷 और ज़ूम सूचक हरे रंग में प्रकाशित होते हैं, तो कैमरा, लेंस से लगभग 7 सें.मी. (2.8 इंच) नज़दीक विषयों पर फ़ोकस कर सकता है। जब ज़ूम स्थिति ① द्वारा सूचित क्षेत्र में हो, तो कैमरा, लेंस से लगभग 1 सें.मी. (0.4 इंच) नज़दीक वस्तुओं पर फ़ोकस कर सकता है।

- कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है। किसी वस्तु के चित्र पर फ़्रेम करने हेतु फ़ोकस लॉक उपयोग करें, (📖 50) फ़्रेम के केन्द्र पर नहीं।
- कैमरा फ़ोकस को लॉक करने के लिए शटर-रिलीज़ बटन आधा दबाए जाने तक सतत रूप से फ़ोकस करता है।
- जब चित्र आसानी से कैमरा कंपन द्वारा प्रभावित होते हैं, इसलिए **Vibration reduction (कंपन कमी)** (📖 113) सेटिंग की जाँच करें और कैमरा को मज़बूती से पकड़ें।

⚡	⚡AUTO*	⏲	बंद*	🌷	चालू	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है। नोट करें कि फ़्लैश 50 सें.मी. (1 फ़ीट 8 इंच) से कम दूरी पर स्थित विषय को पूरी तरह से प्रकाशित करने में असमर्थ हो सकता है।

Food (भोजन)

भोजन के चित्र लेते समय इस मोड का उपयोग करें।
- मैक्रो मोड (📖 51) चालू होगा और ज़ूम स्वचालित रूप से यथा संभव नज़दीक की शूटिंग स्थिति में संचालित होगा।



- आप शूटिंग के दौरान विषय के कितने पास रह सकते हैं यह ज़ूम स्थिति पर निर्भर करता है। जब ज़ूम स्थिति को ऐसी स्थिति पर सेट किया गया हो जहाँ और ज़ूम सूचक हरे रंग में प्रकाशित होते हैं, तो कैमरा, लेंस से लगभग 7 सें.मी. (2.8 इंच) नज़दीक विषयों पर फ़ोकस कर सकता है।
  जब ज़ूम स्थिति ① द्वारा सूचित क्षेत्र में हो, तो कैमरा, लेंस से लगभग 1 सें.मी. (0.4 इंच) नज़दीक वस्तुओं पर फ़ोकस कर सकता है।
- आप मॉनीटर के बाईं ओर प्रदर्शित स्लाइड के उपयोग द्वारा रंग समायोजित कर सकते हैं। लाल की मात्रा बढ़ाने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲, या नीले की मात्रा बढ़ाने के लिए ▼ को दबाएँ। रंग सेटिंग में किए गए समायोजन कैमरा बंद करने के बाद भी कैमरे की स्मृति में सहेजे जाते हैं।



- कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है। किसी वस्तु के चित्र पर फ़्रेम करने हेतु फ़ोकस लॉक उपयोग करें, (📖 50) फ़्रेम के केन्द्र पर नहीं।
- कैमरा फ़ोकस को लॉक करने के लिए शटर-रिलीज़ बटन आधा दबाए जाने तक सतत रूप से फ़ोकस करता है।
- चूँकि चित्र आसानी से कैमरा कंपन द्वारा प्रभावित होते हैं, इसलिए **Vibration reduction (कंपन कमी)** (📖 113) सेटिंग की जाँच करें और कैमरा को मज़बूती से पकड़ें।

⚡	⊗	⏲	बंद*	🌷	चालू	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Museum (संग्रहालय)

इनडोर वहाँ उपयोग करें, जहाँ फ़्लैश फ़ोटोग्राफ़ी निषेध है (उदाहरण के लिए, संग्रहालय और आर्ट गैलरीज़ में) या अन्य सेटिंग्स, जिनमें आप फ़्लैश उपयोग नहीं करना चाहते हैं।
- कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।
- BSS (उत्तम शॉट चयनकर्ता) सक्षम किया जा सकता है (📖 58)।
- चूँकि चित्र आसानी से कैमरा कंपन द्वारा प्रभावित होते हैं, इसलिए **Vibration reduction (कंपन कमी)** (📖 113) सेटिंग की जाँच करें और कैमरा को मज़बूती से पकड़ें।

⚡	⊗	⏲	बंद*	🌷	बंद*	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

: सहित दृश्य मोड के लिए, तिपाई का उपयोग अनुशंसित है। तिपाई का उपयोग करते समय **Vibration reduction (कंपन कमी)** (📖 113) को **Off (बंद)** पर सेट करें।

Fireworks show (आतिशबाज़ी शो)

आतिशबाज़ी से प्रकाश के विस्तारित बर्स्ट को कैप्चर करने के लिए धीमी शटर गतियों का उपयोग किया जाता है।

- कैमरा अनंत पर फ़ोकस करता है। जब शटर-रिलीज़ बटन आधा दबाया जाए तो फ़ोकस सूचक (🕮 8) हमेशा हरे रंग में चमकता है। तथापि, नोट करें कि अग्रभाग में रहने वाली वस्तुएँ हमेशा फ़ोकस में नहीं भी हो सकती हैं।

⚡	⊗	⏲	बंद		बंद	±	0.0

Black and white copy (श्वेत-श्याम कॉपी)

व्हाइट बोर्ड पर या प्रिंट में पाठ या चित्रकला के स्पष्ट छवियाँ प्रदान करती है।

- कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।
- कम रेंज में फ़ोकस करने के लिए मैक्रो मोड (🕮 51) का उपयोग करें।
- रंगीन पाठ और चित्रकला संभवतः अच्छी तरह नहीं दिखाई देंगे।

⚡	⊗*	⏲	बंद*		बंद*	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Backlighting (बैकलाइटिंग)

उस समय उपयोग करें जब प्रकाश आपके विषय के पीछे से आ रहा हो, जिसके कारण आकृति या विवरण छाया में चले जाते हैं। फ़्लैश छाया "भरण" (प्रदीप्ति) के लिए स्वचालित रूप से प्रज्वलित होता है।

- शूटिंग से पहले फ़्लैश को ऊपर उठाएँ।
- कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।

⚡	⚡	⏲	बंद*		बंद	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Panorama assist (पैनोरमा सहायता)

जब चित्रों की श्रृंखला ली जा रही हो, जिन्हें बाद में आपूरित Panorama Maker 6 सॉफ़्टवेयर के उपयोग द्वारा एकल पैनोरमा छवि में जोड़ा जाएगा। विवरणों के लिए पैनोरमा के लिए शूटिंग (📖 44) देखें।

⚡	⊛*	⏲	बंद*	🌷	बंद*	±	0.0*

* डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

Pet portrait (पेट-पोर्ट्रेट)

कुत्तों या बिल्लियों के चित्र लेते समय इस मोड का उपयोग करें। जब कैमरा कुत्ते या बिल्ली के चेहरे की पहचान करता है, तो कैमरा पहचाने गए चेहरे पर फ़ोकस करता है। जब विषय फ़ोकस में हो, तो डिफ़ॉल्ट सेटिंग (पेट पोर्ट्रेट स्वतः रिलीज़) में शटर स्वचालित रूप से रिलीज़ होता है।

- जब **Pet portrait (पेट-पोर्ट्रेट)** दृश्य मोड चयनित हो, तब स्क्रीन पर प्रदर्शित **Single (एकल)** या **Continuous (सतत)** का चयन करें।
  - **Single (एकल)**: शटर-रिलीज़ बटन दबाए जाने पर हर बार एक चित्र लिया जाएगा।
  - **Continuous (सतत)**: जब पहचाना गया चेहरा फ़ोकस में हो, तो सतत रूप से तीन छवियाँ कैप्चर की जाती हैं (फ़्रेम दर: लगभग. 0.7 fps जब छवि मोड **4320×3240**) पर सेट हो। जब **Continuous (सतत)** का चयन किया जाता है, तो मॉनीटर पर प्रकट होता है।
- कैमरे द्वारा पहचाना गया चेहरा डबल बॉर्डर (फ़ोकस क्षेत्र) से फ़्रेम किया जाता है, और जब फ़ोकस हासिल होता है तो डबल बॉर्डर हरे रंग में बदल जाता है। एक साथ पाँच पेट के चेहरों की पहचान की जा सकती है। जब कैमरा एक से अधिक चेहरों की पहचान करता है, तो जो चेहरा मॉनीटर पर सबसे बड़ा प्रदर्शित हो वह डबल बॉर्डर (AF क्षेत्र) से फ़्रेम किया जाता है, और फ़ोकस क्षेत्र के बाहर वाले चेहरे एकल बॉर्डर से फ़्रेम किए जाते हैं।



- कैमरे द्वारा एक भी पेट चेहरे की पहचान न करने के बावजूद, जब शटर-रिलीज़ बटन दबाया जाता है तो शटर रिलीज़ किया जा सकता है।
  - यदि कैमरा किसी पेट के चेहरे की पहचान नहीं करता है, तो कैमरा फ़्रेम के केंद्र में विषय पर फ़ोकस करता है।
  - जब **Continuous (सतत)** चयनित हो तब शटर-रिलीज़ बटन पूरी तरह नीचे दबाए जाने पर, लगभग 0.7 fps की दर से 19 छवियाँ कैप्चर की जा सकती हैं (जब छवि मोड **4320×3240** पर सेट किया गया हो)। जब शटर-रिलीज़ बटन रिलीज़ किया जाए, तो शूटिंग समाप्त होता है।
- बहु-चयनकर्ता ◀ (🕒) को दबा कर स्वचालित शटर-रिलीज़ सेटिंग बदला जा सकता है।
  - **Pet portrait auto release (पेट-पोर्ट्रेट स्वतः रिलीज़)** (डिफ़ॉल्ट सेटिंग): जब पहचाना गया चेहरा फ़ोकस में हो, तो कैमरा स्वचालित रूप से शटर रिलीज़ करता है। जब **Pet portrait auto release (पेट-पोर्ट्रेट स्वतः रिलीज़)** चयनित हो, तो मॉनीटर पर प्रकट होता है।
  - **बंद**: शटर केवल शटर-रिलीज़ बटन का उपयोग करने पर रिलीज़ होता है।
- डिजिटल ज़ूम उपलब्ध नहीं है।
- बटन ध्वनि और शटर ध्वनि (📖 115) बंद नहीं होती हैं।
- कुछ शूटिंग परिस्थितियों में, जैसे कि कैमरा और पेट के बीच की दूरी, पेट के हिलने-डुलने की गति, जिस दिशा में चेहरे मुड़े हों या चेहरों की उज्ज्वलता, कैमरा कुत्ते या बिल्लियों की पहचान करने में असमर्थ हो सकता है, या कुत्ते या बिल्लियों के अलावा अन्य विषयों की पहचान कर सकता है।
- निम्नलिखित परिस्थितियों में **Pet portrait auto release (पेट-पोर्ट्रेट स्वतः रिलीज़) बंद** पर सेट होता है।
  - जब पाँच बर्स्ट लिए गए हों
  - जब स्टैंडबाई मोड (📖 15) में प्रवेश करने के बाद कैमरा दुबारा चालू हो
  - जब आंतरिक स्मृति या स्मृति कार्ड भरा हो

  अधिक चित्र लेने हेतु **Pet portrait auto release (पेट-पोर्ट्रेट स्वतः रिलीज़)** के निरंतर उपयोग के लिए, बहु-चयनकर्ता ◀ (🕒) दबाएँ और फिर सेटिंग बदलें।

ϟ	⊛	🕒	🐾[1]	🐾	बंद[2]	±	0.0[2]

[1] इसे बंद पर सेट किया जा सकता है। सेल्फ़-टाइमर उपयोग नहीं किया जा सकता है।
[2] डिफ़ॉल्ट सेटिंग को संशोधित किया जा सकता है।

पैनोरमा के लिए शूटिंग

कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है। उत्तम परिणामों के लिए तिपाई का उपयोग करें। तिपाई का उपयोग करते समय **Vibration reduction (कंपन कमी)** (🕮 113) को **Off (बंद)** पर सेट करें।

1 शूटिंग मोड में 📷 बटन दबाएँ और **Panorama assist (पैनोरमा सहायता)** (🕮 35) का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें।

पैनोरमा दिशा आइकन (▷) प्रदर्शित होता है जो छवियों के जुड़ने की दिशा दर्शाता है।



2 दिशा का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

चयन करें कि कैसे संपूर्ण पैनोरमा में छवियाँ आपस में जोड़ी गई हैं; दाएँ (▷), बाएँ (◁), ऊपर (△) या नीचे (▽)।

पीला पैनोरमा दिशा आइकन (▷▷) दबाए जाने वाली दिशा में प्रदर्शित होता है और जब Ⓚ बटन दबाया जाता है तो दिशा निर्धारित होती है। सफ़ेद निर्धारित दिशा ▷ प्रदर्शित होती है।

इस चरण द्वारा, यदि आवश्यक हो, तो फ़्लैश मोड (🕮 28), सेल्फ़-टाइमर (🕮 31), मैक्रो मोड (🕮 51) और एक्सपोज़र कंपंसेशन (🕮 32) सेटिंग लागू करें।

दिशा का पुनःचयन करने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ।

3 पैनोरमा दृश्य के पहले भाग को फ़्रेम करें और पहला चित्र लें।

छवि का एक तिहाई पारभासी के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

4 अगला चित्र लें।

अगली छवि को फ़्रेम करें, ताकि फ़्रेम का एक तिहाई पहली छवि पर ओवरलैप करें और शटर-रिलीज़ बटन दबाएँ।

पैनोरमा पूरा करने के लिए अपेक्षित संख्या में छवियाँ लेने तक इसे दोहराएँ।

5 शूटिंग पूरी हो जाने पर Ⓞ बटन दबाएँ।
कैमरा चरण 2 पर लौटता है।

✓ पैनोरमा सहायता

- पहला चित्र लेने से पहले फ़्लैश मोड, सेल्फ़-टाइमर, मैक्रो मोड और एक्सपोज़र कंपंसेशन को सेट करें। पहला चित्र लेने के बाद उन्हें बदला नहीं जा सकता है। छवियों को हटाया नहीं जा सकता है, ना ही ज़ूम किया जा सकता है या पहला चित्र लेने के बाद, छवि मोड सेटिंग (🕮 54) को समायोजित ही किया जा सकता है।
- यदि शूटिंग के दौरान स्वचालित बंद फ़ंक्शन (🕮 116) के साथ कैमरा स्टैंडबाई मोड में प्रवेश करता है, तो पैनोरमा श्रृंखला बंद हो जाती है। इससे पहले कि स्वचालित बंद फ़ंक्शन अधिक समय सेटिंग के लिए सक्षम हो, व्यतीत करने का अनुमत समय सेट करने की अनुशंसा की जाती है।

AE/AF-L पर नोट

पैनोरमा श्रृंखला में कैप्चर की गई सभी छवियों में श्वेत संतुलन, एक्सपोज़र, और फ़ोकस सेटिंग एकसमान होता है।
जब पहला चित्र लिया जाता है, तो AE/AF-L प्रदर्शित होता है, जो इस बात का सूचक है कि एक्सपोज़र, श्वेत संतुलन और फ़ोकस लॉक हैं।

एक पैनोरमा बनाने के लिए छवियों को संयोजित करना (Panorama Maker 6)

- छवियों को एक कंप्यूटर (🕮 95) पर स्थानांतरित करें और उन्हें एकल पैनोरमा में जोड़ने के लिए Panorama Maker 6 का उपयोग करें।
- सम्मिलित ViewNX 2 Installer CD-ROM (🕮 93) से Panorama Maker 6 स्थापित करें।
- Panorama Maker 6 को स्थापित करने के बाद, नीचे वर्णित तरीक़े से सॉफ़्टवेयर को चलाएँ।
  Windows: **Start (आरंभ)** मेनू > **All Programs (सभी प्रोग्राम)** > **ArcSoft Panorama Maker 6** > **Panorama Maker 6** का चयन करें
  Mac OS X: **Applications (एप्लिकेशन)** फ़ोल्डर को खोलें > **Panorama Maker 6** पर डबल-क्लिक करें
- Panorama Maker 6 उपयोग करने की अधिक जानकारी के लिए, Panorama Maker 6 में शामिल ऑन-स्क्रीन निर्देश व मदद जानकारी देखें।

अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए "फ़ाइल और फ़ोल्डर नाम" (🕮 131) देखें।

स्वतः रूप से मुस्कुराते चेहरे कैप्चर करना (स्मार्ट पोर्ट्रेट मोड)

कैमरा शूट करने के लिए स्वतः रूप से मुस्कुराते चेहरे की पहचान करता है।

1 शूटिंग मोड में 📷 बटन दबाएँ और 🙂 का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲ या ▼ दबाएँ, और Ⓚ बटन दबाएँ।

कैमरा स्मार्ट पोर्ट्रेट मोड में प्रवेश करता है।



2 चित्र पर फ़्रेम करें।

उपयोग करते समय फ़्लैश को ऊपर उठाएँ (🕮 7)।

कैमरा को विषय की ओर निर्देशित करें।

यदि कैमरा व्यक्ति के चेहरे की पहचान करता है, तो फ़ोकस क्षेत्र में चेहरा डबल पीले बॉर्डर से फ़्रेम किया जाता है, और जब चेहरा फ़ोकस में आता है, तो एक क्षण के लिए डबल बॉर्डर हरे रंग में बदलता है, तथा फ़ोकस लॉक हो जाता है।



तीन चेहरों की पहचान की जा सकती है। जब कैमरा एक से ज़्यादा चेहरों की पहचान करता है, तो फ़्रेम के केंद्र के समीप वाले चेहरे के चारों ओर डबल बॉर्डर (फ़ोकस क्षेत्र), और अन्य चेहरों के चारों ओर एकल बॉर्डर प्रदर्शित होता है।

3 शटर स्वतः रूप से रिलीज़ होता है।

यदि कैमरा डबल बॉर्डर द्वारा फ़्रेम किए गए व्यक्ति के मुस्कुराते चेहरे की पहचान करता है, तो स्वतः रूप से शटर रिलीज़ होता है।

शटर रिलीज़ होने पर प्रत्येक बार, कैमरा चेहरे की पहचान और मुस्कुराहट की पहचान द्वारा स्वतः शूटिंग दोहराता है।

4 इस शूटिंग मोड से बाहर निकलें।

अन्य शूटिंग मोड में बदलने के लिए पॉवर बंद या 📷 बटन को दबाते हुए मुस्कुराहट पहचान सुविधा सहित स्वतः शूटिंग से बाहर निकलें।

स्मार्ट पोर्ट्रेट मोड पर नोट्स

- डिजिटल ज़ूम उपलब्ध नहीं है।
- कुछ शूटिंग स्थितियों में कैमरा चेहरों या मुस्कानों को पहचानने में असमर्थ हो सकता है।
- चेहरा पहचान पर नोट → 📖 34

स्वतः बंद (स्टैंडबाई मोड) जब स्मार्ट पोर्ट्रेट मोड का उपयोग किया जा रहा हो

स्मार्ट पोर्ट्रेट मोड का उपयोग करते समय, स्वतः बंद (📖 116) कैमरा बंद कर देगा यदि निम्नलिखित परिस्थितियों में कोई कार्य निष्पादित न हो:

- कैमरा किसी भी चेहरे की पहचान नहीं करता है।
- कैमरा चेहरे की पहचान करता है लेकिन मुस्कुराते चेहरे की पहचान नहीं करता है।

सेल्फ़-टाइमर लैंप फ़्लैशिंग

जब कैमरा चेहरे की पहचान करता है तो सेल्फ़-टाइमर लैंप फ़्लैश होता है, और शटर रिलीज़ होने के बाद तेज़ी से फ़्लैश करता है।

शटर मैनुअली रिलीज़ करना

शटर को शटर-रिलीज़ बटन दबाकर भी रिलीज़ किया जा सकता है। कोई चेहरा नहीं पहचानने पर, कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।

स्मार्ट पोर्ट्रेट मोड में उपलब्ध फ़ंक्शन

- जब फ़्लैश को ऊपर उठाया जाए, तो फ़्लैश मोड (📖 28) स्वतः रूप से ⚡AUTO (स्वतः फ़्लैश) में बदलता है। (इसे बदला जा सकता है।)
- सेल्फ़-टाइमर और मैक्रो मोड उपलब्ध नहीं हैं।
- एक्सपोज़र कंपंसेशन (📖 32) उपलब्ध है।
- स्मार्ट पोर्ट्रेट मोड में छवि गुणवत्ता (संपीड़न) और छवि मोड (📖 54) में छवि आकार बदलने के लिए MENU बटन दबाएँ। यदि छवि मोड सेटिंग परिवर्तित होता है, तो नई छवि मोड सेटिंग अन्य शूटिंग मोड (सिवाय सतत खेल) पर भी लागू की जाती है।

अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए "स्वतः-फ़ोकस" (📖 25) देखें।

उच्च गति पर सतत शूटिंग (सतत खेल)

जब आप शटर-रिलीज़ बटन को पूरी तरह दबाए रखते हैं तो सतत खेल मोड तेज़, सतत शूटिंग अनुमत करता है। सतत शूटिंग के साथ, गतिशील विषयों की तात्कालिक चाल को कैप्चर किया जा सकता है।

- **Continuous H (सतत H)** की डिफ़ॉल्ट सेटिंग के साथ, कैमरा लगभग 15.3 फ़्रेम प्रति सेकंड (fps) की दर पर 20 छवियों तक शूट करता है।
- ISO संवेदनशीलता अत्यधिक है।
- छवि मोड को **3M 2048×1536** या कम पर सेट किया जा सकता है।
- प्रत्येक श्रृंखला में पहली छवि के लिए मानों पर फ़ोकस, एक्सपोज़र, और श्वेत संतुलन सेटिंग निर्धारित किए जाते हैं।

1 शूटिंग मोड में 📷 बटन दबाएँ और 🏃 का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲ या ▼ दबाएँ, और Ⓚ बटन दबाएँ।

कैमरा सतत खेल मोड में प्रवेश करता है।



2 MENU बटन दबाएँ, फिर सतत खेल मेनू में मदों की पुष्टि या सेट करें।

सतत खेल मेनू → 🕮 49

शूटिंग मोड में लौटने के लिए मदों को सेट करने के बाद MENU बटन दबाएँ।



3 विषय फ़्रेम करें और शूट करें।

कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है। शटर-रिलीज़ बटन को आधा दबाने पर फ़ोकस और एक्सपोज़र सेट होता है।

सतत शूटिंग शटर-रिलीज़ बटन पूरी तरह नीचे दबाए रखे जाने तक जारी रहता है, और शॉट फ़्रेम अधिकतम उपलब्ध संख्या पर पहुँचने पर बंद हो जाता है (🕮 49)।



सतत खेल के साथ उपलब्ध फ़ंक्शन

- एक्सपोज़र कंपंसेशन (🕮 32) उपलब्ध है।
- फ़्लैश अक्षम किया गया है।
- सेल्फ़-टाइमर और मैक्रो मोड उपलब्ध नहीं हैं।
- सतत खेल मोड में, **Image mode (छवि मोड)** या **Sport continuous (सतत खेल)** (सतत खेल मोड प्रकार) सेटिंग (🕮 49) समायोजित करने के लिए MENU बटन दबाएँ।

सतत खेल शूटिंग पर नोट

- शूटिंग के बाद छवियाँ सहेजने में कुछ समय लग सकता है। छवियाँ सहेजने में लगने वाला समय कैप्चर की गई छवियों की संख्या, छवि मोड, स्मृति कार्ड लेखन गति, आदि पर निर्भर करता है।
- जब ISO संवेदनशीलता को 400 या अधिक पर सेट किया गया है, परिणामस्वरूप छवियाँ अस्पष्ट लग सकती हैं। साफ़ मौसम में उचित एक्सपोज़र नहीं मिल सकता है (छवियाँ ओवर-एक्सपोज़ हो सकती हैं)।
- सतत खेल के साथ शूटिंग करते समय मॉनीटर पर दिखाई देने वाला धब्बा (🕮 128) सहेजे गए छवि डेटा में भी दिखाई देगा। धब्बे के प्रभाव को कम करने के लिए, शूटिंग करते समय सूर्य, सूर्य के प्रतिबिंब, और इलेक्ट्रिक लाइटों जैसी उज्ज्वल वस्तुओं से बचें।
- फ़्लोरोसेंट और पारा-वाष्प जैकी उच्च गति पर झिलमिलाने वाले प्रकाश में कैप्चर की गई छवियों में उज्ज्वलता या ह्यु में अंतर हो सकता है।
- शटर गति स्वचालित रूप से 1/4000 से 1/60 सेकंड तक सेट होती है।
- शटर गति सेटिंग और स्मृति कार्ड की लेखन गति के आधार पर सतत शूटिंग की गति धीमी हो सकती है।
- सतत खेल मोड का उपयोग करते समय, कैमरा फ़ोकस को लॉक करने के लिए शटर-रिलीज़ बटन आधा दबाए जाने तक सतत रूप से फ़ोकस करता है। जब कैमरा फ़ोकस करता है तो एक ध्वनि सुनाई देती है।

अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए "स्वतः-फ़ोकस" (🕮 25) देखें।

सतत खेल शूटिंग मोड सेटिंग बदलना

(सतत खेल) मोड शूटिंग स्क्रीन (🕮 48) प्रदर्शित करने के बाद, सतत खेल मेनू में निम्नलिखित विकल्प सेट करने के लिए MENU बटन (🕮 5) दबाएँ।

- सेटिंग (🕮 11) का चयन करने व लागू करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें।
- शूटिंग मेनू से बाहर निकलने के लिए, MENU बटन दबाएँ।

Image mode (छवि मोड)

Image mode (छवि मोड) (🕮 54) को सेट किया जा सकता है।

- सतत खेल मोड में, निम्नलिखित छवि मोड सेटिंग उपलब्ध हैं: **2048×1536**, **1024×768** (डिफ़ॉल्ट सेटिंग), **640×480**, **1920×1080**
- सतत खेल मेनू में छवि मोड सेटिंग, अन्य शूटिंग मोड में छवि मोड सेटिंग से अलग सहेजे जाते हैं और अन्य मोड को लागू नहीं किए जाते हैं।

Sport continuous (सतत खेल)

अधिकतम सतत शूटिंग गति और कैप्चर किए जाने वाले फ़्रेमों की अधिकतम संख्या निर्धारित करने के लिए सतत खेल मोड प्रकार का चयन करें।

- **Continuous H (सतत H)** (डिफ़ॉल्ट सेटिंग): लगभग 15.3 फ़्रेम प्रति सेकंड (अधिकतम 20 फ़्रेम)
- **Continuous M (सतत M)**: लगभग 7.9 फ़्रेम प्रति सेकंड (अधिकतम 20 फ़्रेम)
- **Continuous L (सतत L)**: लगभग 4.5 फ़्रेम प्रति सेकंड (अधिकतम 20 फ़्रेम)

Auto Mode (स्वतः मोड)

(स्वतः) मोड में, मैक्रो मोड (📖 51) और एक्सपोज़र कंपंसेशन (📖 32) को लागू किया जा सकता है और फ़्लैश मोड (📖 28) तथा सेल्फ़-टाइमर (📖 31) के उपयोग से चित्र लिए जा सकते हैं।

(स्वतः) मोड में MENU बटन दबाने से शूटिंग परिस्थितियों के आधार पर आप सभी शूटिंग मेनू मदों (📖 53) के लिए सेटिंग निर्दिष्ट कर सकते हैं।

1 बटन दबाएँ।

शूटिंग-मोड चयन मेनू प्रदर्शित होता है।



2 का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲ या ▼ दबाएँ और (OK) बटन दबाएँ।

कैमरा (स्वतः) मोड में प्रवेश करता है।
शूटिंग स्थितियों से मेल खाने के लिए फ़्लैश मोड (📖 28), सेल्फ़-टाइमर (📖 31), एक्सपोज़र कंपंसेशन (📖 32) और मैक्रो मोड (📖 51) सेट करें।
शूटिंग मेनू प्रदर्शित करने के लिए MENU बटन दबाएँ, और शूटिंग स्थितियों (📖 53) से मेल खाने के लिए शूटिंग मेनू में मदों को सेट करें।



3 विषय को फ़्रेम करें और चित्र लें।

कैमरा फ़्रेम के केन्द्र में विषय पर फ़ोकस करता है।



फ़ोकस लॉक

जब कैमरा फ़्रेम के केंद्र में वस्तु पर फ़ोकस करता है, तो आप केंद्र से दूर स्थित विषय पर फ़ोकस करने के लिए फ़ोकस लॉक का उपयोग कर सकते हैं।

- सुनिश्चित करें कि फ़ोकस लॉक रहने पर कैमरा और विषय के बीच की दूरी परिवर्तित नहीं होती है।
- जब शटर-रिलीज़ बटन को आधा दबाया जाता है, तो एक्सपोज़र लॉक हो जाता है।



विषय को फ़्रेम के केंद्र में अवस्थित करें।

शटर-रिलीज़ बटन को आधा दबाएँ।



पुष्टि करें कि फ़ोकस क्षेत्र हरा है।

शटर-रिलीज़ बटन आधा दबाए रखना और चित्र दोबारा बनाना।

शटर-रिलीज़ बटन को शेष नीचे की ओर दबाएँ।

Macro Mode (मैक्रो मोड)

मैक्रो मोड का उपयोग 1 सें.मी. (0.4 इंच) जितने पास स्थित वस्तुओं के चित्र लेने के लिए किया जाता है। नोट करें कि फ़्लैश 50 सें.मी. (1 फ़ीट 8 इंच) से कम दूरी पर स्थित विषय को पूरी तरह से प्रकाशित करने में असमर्थ हो सकता है।

जब (स्वतः) मोड का उपयोग कर रहे हों, तो नीचे प्रस्तुत प्रक्रिया का पालन करें। मैक्रो मोड का उपयोग कुछ दृश्य मोड (📖 39, 40, 41) के साथ भी किया जा सकता है।

1 बहु-चयनकर्ता पर (मैक्रो मोड) को दबाएँ।

मैक्रो मेनू प्रदर्शित होता है।

2 **ON** का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲ या ▼ दबाएँ और फिर OK बटन दबाएँ।

मैक्रो मोड आइकन () प्रदर्शित किया जाता है।

यदि कुछ सेकंड में OK बटन दबाते हुए सेटिंग लागू नहीं किया जाता है, तो चयन रद्द हो जाता है।



3 ज़ूम स्थिति पर पहुँचने और ज़ूम सूचक हरे रंग में प्रकाशित होने तक ज़ूम नियंत्रण को घुमाएँ।



आप शूटिंग के दौरान विषय के कितने पास रह सकते हैं यह ज़ूम स्थिति पर निर्भर करता है। जब ज़ूम स्थिति को ऐसी स्थिति पर सेट किया गया हो जहाँ और ज़ूम सूचक हरे रंग में प्रकाशित होते हैं, तो कैमरा, लेंस से लगभग 7 सें.मी. (2.8 इंच) नज़दीक विषयों पर फ़ोकस कर सकता है।



जब ज़ूम स्थिति ① द्वारा सूचित क्षेत्र में हो, तो कैमरा, लेंस से लगभग 1 सें.मी. (0.4 इंच) नज़दीक वस्तुओं पर फ़ोकस कर सकता है।

स्वतः-फ़ोकस

मैक्रो मोड का उपयोग करते समय, कैमरा फ़ोकस को लॉक करने के लिए शटर-रिलीज़ बटन आधा दबाए जाने तक सतत रूप से फ़ोकस करता है। जब कैमरा फ़ोकस करता है तो एक ध्वनि सुनाई देती है।

मैक्रो मोड सेटिंग

- (आसान स्वतः) मोड: जब कैमरा का चयन करता है तो मैक्रो मोड में परिवर्तित होता है। बहु-चयनकर्ता पर मैक्रो मोड बटन का उपयोग नहीं किया जा सकता है।
- दृश्य मोड: चयनित दृश्य मोड के साथ बदलता है (📖 35)। मैक्रो मोड चालू हो जाता है जब दृश्य मोड में **Close-up (क्लोज़-अप)** या **Food (भोजन)** का चयन किया जाता है।
- (स्मार्ट पोर्ट्रेट) मोड, (सतत खेल) मोड: मैक्रो मोड का उपयोग नहीं किया जा सकता है।
- (स्वतः) मोड में लागू की गई मैक्रो मोड सेटिंग, कैमरा बंद होने पर भी, कैमरे की स्मृति मे सहेजा जाती है।

(स्वतः) मोड सेटिंग (शूटिंग मेनू) बदलना

जब (स्वतः) मोड (📖 50) में शूटिंग कर रहे हों, तो शूटिंग मेनू में निम्नलिखित विकल्प शामिल रहते हैं।

Image mode (छवि मोड)	📖 54
छवि आकार और गुणवत्ता (संपीड़न) चुनें। किसी शूटिंग मोड का उपयोग करते समय इस सेटिंग को बदला जा सकता है।	
White balance (श्वेत संतुलन)	📖 56
प्रकाश स्रोत के साथ श्वेत संतुलन का मिलान करें।	
Continuous (सतत)	📖 58
सेटिंग को सतत या BSS (उत्तम शॉट चयनकर्ता) में बदलें।	
ISO sensitivity (ISO संवेदनशीलता)	📖 59
प्रकाश के प्रति कैमरा की संवेदनशीलता को नियंत्रित करें।	
Color options (रंग विकल्प)	📖 60
रंगों को अधिक भड़कीला बनाता है या छवियों को मोनोक्रोम में सहेजता है।	

शूटिंग मेनू प्रदर्शित करना

कैमरा को (स्वतः) मोड (📖 50) में सेट करें।
शूटिंग मेनू प्रदर्शित करने के लिए MENU बटन दबाएँ।



- सेटिंग (📖 11) का चयन करने व लागू करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें।
- शूटिंग मेनू से बाहर निकलने के लिए, MENU बटन दबाएँ।

☑ कैमरा सेटिंग जिन्हें उसी समय लागू नहीं किया जा सकता है

कुछ फ़ंक्शन अन्य के संयोजन से सक्षम नहीं किए जा सकते हैं (📖 61)।

Image Mode (छवि मोड) (छवि गुणवत्ता/छवि आकार)

(स्वतः) ➔ MENU (Shooting menu (शूटिंग मेनू)) ➔ Image mode (छवि मोड)

छवि आकार और गुणवत्ता (संपीड़न) चुनें। फ़ाइलों का आकार, और उसके साथ सहेजी जाने वाली छवियों की संख्या, छवियों के आकार और गुणवत्ता (संपीड़न) पर निर्भर करती है। शूटिंग से पहले, छवि के उपयोग की अपनी योजना के अनुसार छवि मोड का चयन करें।

सेटिंग	आकार (पिक्सेल)	विवरण
4320×3240★	4320 × 3240	सर्वोच्च गुणवत्ता, परिवर्धन या उच्च-गुणवत्ता वाले प्रिंट के लिए उपयुक्त। संपीड़न अनुपात लगभग 1:4 है।
4320×3240 (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)	4320 × 3240	अधिकांश स्थितियों में श्रेष्ठ पसंद। संपीड़न अनुपात लगभग 1:8 है।
3264×2448	3264 × 2448	
2592×1944	2592 × 1944	
2048×1536	2048 × 1536	छोटा आकार अनेक छवियों को सहेजना अनुमत करता है। संपीड़न अनुपात लगभग 1:8 है।
1024×768	1024 × 768	कंप्यूटर मॉनीटर पर प्रदर्शन के लिए उपयुक्त। संपीड़न अनुपात लगभग 1:8 है।
640×480	640 × 480	ई-मेल द्वारा वितरण या 4:3 आकार अनुपात वाले टेलीविज़न पर पूर्ण-स्क्रीन प्रदर्शन के लिए उपयुक्त। संपीड़न अनुपात लगभग 1:8 है।
4224×2376	4224 × 2376	16:9 आकार अनुपात वाली छवियाँ ली जा सकती हैं। संपीड़न अनुपात लगभग 1:8 है।

मौजूदा सेटिंग के लिए आइकन मॉनीटर पर शूटिंग और प्लेबैक मोड (📖 8, 9) में प्रदर्शित होता है।

छवि मोड पर नोट्स

- (स्वतः) मोड के अलावा अन्य शूटिंग मोड का उपयोग करते समय, इस सेटिंग को MENU बटन दबा कर बदला जा सकता है। अन्य शूटिंग मोड में भी सेटिंग को लागू किया जा सकता है (सिवाय सतत खेल मोड के)।
- इस सुविधा का उपयोग अन्य सुविधाओं के साथ नहीं किया जा सकता है। → "कैमरा सेटिंग जिन्हें उसी समय सेट नहीं किया जा सकता है" (📖 61)

सतत खेल मोड के लिए छवि मोड

- सतत खेल मोड (📖 48) में, निम्नलिखित छवि मोड सेटिंग उपलब्ध हैं: **2048×1536**, **1024×768**, **640×480**, **1920×1080** (छवि आकार 1920 × 1080, संपीड़न अनुपात 1:8)
- सतत खेल मेनू (📖 48) में छवि मोड सेटिंग, अन्य शूटिंग मोड में छवि मोड सेटिंग से अलग सहेजे जाते हैं और अन्य मोड को लागू नहीं किए जाते हैं।

शेष एक्सपोज़र की संख्या

निम्न तालिका में उन छवियों की लगभग संख्या है, जो आंतरिक स्मृति और 4 GB स्मृति कार्ड में सहेजे जा सकते हैं। नोट करें कि सहेजी जाने वाली छवियों की संख्या छवि की रचना के आधार पर (JPEG संपीड़न के कारण) भिन्न होगी। इसके अतिरिक्त, स्मृति कार्ड की क्षमता एकसमान होने के बावजूद यह संख्या स्मृति कार्ड की बनावट के आधार पर भिन्न होगी।

Image mode (छवि मोड)	आंतरिक स्मृति (लगभग 102 MB)	स्मृति कार्ड[1] (4 GB)	मुद्रण आकार[2] (सें.मी/इंच)
4320×3240★	15	550	36 × 27/14 × 10.5
4320×3240	30	1100	36 × 27/14 × 10.5
3264×2448	52	1910	28 × 21/11 × 8
2592×1944	81	2940	22 × 16/8.5 × 6.5
2048×1536	126	4640	17 × 13/7 × 5
1024×768	411	15000	9 × 7/3.5 × 2.5
640×480	731	24100	5 × 4/2 × 1.5
4224×2376	41	1520	35 × 20/14 × 8
1920×10803	182	6810	16 × 9/6.5 × 3.5

[1] यदि शेष एक्सपोज़र की संख्या 10,000 या अधिक हो, तो यदि शेष एक्सपोज़र की संख्या प्रदर्शन "9999" दर्शाता है।

[2] 300 dpi के आउटपुट पर रिज़ॉल्यूशन प्रिंट आकार। प्रिंट आकारों का परिकलन पिक्सेल की संख्या को प्रिंटर रिज़ॉल्यूशन (dpi) से विभाजित और 2.54 सेमी (1 इंच) से गुणा कर किया जाता है। हालांकि, समान छवि आकार पर उच्च रिज़ॉल्यूशन पर मुद्रित की गई छवियाँ, सूचित आकार से छोटी मुद्रित होंगी और जो निम्न रिज़ॉल्यूशन पर मुद्रित की गई छवियाँ सूचित आकार से बड़ी मुद्रित होंगी।

[3] केवल सतत खेल मोड

White Balance (श्वेत संतुलन) (ह्यु समायोजित करना)

(स्वतः) ➔ MENU (Shooting menu (शूटिंग मेनू)) ➔ White balance (श्वेत संतुलन)

किसी विषय से प्रतिबिंबित प्रकाश का रंग प्रकाश स्रोत के रंग से अलग होता है। मनुष्य का मस्तिष्क प्रकाश स्रोत के रंग में परिवर्तन के अनुकूल हो जाने में सक्षम होता है, इसके फलस्वरूप श्वेत वस्तु श्वेत ही दिखाई देते हैं चाहे उन्हें छाँव, प्रत्यक्ष धूप, या इनकैंडेसेंट प्रकाश में देखा जाए। डिजिटल कैमरे प्रकाश स्रोत के रंग के अनुसार चित्रों के संसाधन द्वारा इस समायोजन की नक़ल कर सकते हैं। यह "श्वेत संतुलन" नाम से जाना जाता है।

हालाँकि डिफ़ॉल्ट सेटिंग **Auto (स्वतः)** का उपयोग अधिकांश प्रकार के प्रकाश में किया जा सकता है, फिर भी आप अधिक सटीक परिणाम हासिल करने के लिए किसी विशिष्ट प्रकाश स्रोत के उपयुक्त श्वेत संतुलन सेटिंग को लागू कर सकते हैं।

AUTO	Auto (स्वतः) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)
	श्वेत संतुलन स्वचालित रूप से प्रकाश स्थितियों के अनुरूप समायोजित। अधिकांश स्थितियों में श्रेष्ठ पसंद।
PRE	Preset manual (प्रीसेट मैनुअल)
	असमान्य प्रकाश में शूटिंग करते समय उपयोगी। अधिक जानकारी के लिए "Preset Manual (प्रीसेट मैनुअल)" (📖 57) देखें।
☀	Daylight (दिवस-प्रकाश)
	प्रत्यक्ष धूप के लिए समायोजित श्वेत संतुलन।
💡	Incandescent (इनकैंडेसेंट)
	इनकैंडेसेंट प्रकाश में उपयोग करें।
	Fluorescent (फ़्लोरोसेंट)
	अधिकांश फ़्लोरोसेंट प्रकाश प्रकार में उपयोग करें।
☁	Cloudy (बादल-युक्त)
	मेघाच्छन्न आकाश में चित्र लेते समय उपयोग करें।
ϟ	Flash (फ़्लैश)
	फ़्लैश मोड के साथ उपयोग करें।

मौजूदा सेटिंग के लिए आइकन मॉनीटर पर प्रदर्शित होता है (📖 8)। तथापि, जब **Auto (स्वतः)** चयनित हो, तो कोई आइकन प्रदर्शित नहीं होता है।

☑ White Balance (श्वेत संतुलन) पर नोट

- इस सुविधा का उपयोग अन्य सुविधाओं के साथ नहीं किया जा सकता है। → "कैमरा सेटिंग जिन्हें उसी समय सेट नहीं किया जा सकता है" (📖 61)
- **Auto (स्वतः)** या **Flash (फ़्लैश)** के अतिरिक्त श्वेत-संतुलन सेटिंग पर, फ़्लैश बंद कर दें (⊘) (📖 28)।

Preset Manual (प्रीसेट मैनुअल)

प्रीसेट मैनुअल का उपयोग मिश्रित प्रकाश के साथ या **Auto (स्वतः)** और **Incandescent (इनकैंडेसेंट)** (उदाहरण के लिए, किसी लैंप के अंतर्गत लाल शेड के साथ लिए गए चित्रों को ऐसे बना देना जैसे उन्हें श्वेत प्रकाश में लिया गया हो) जैसी श्वेत संतुलन सेटिंग के साथ अपेक्षित प्रभाव प्राप्त न करने पर गहरे रंग वाले प्रकाश स्रोतों की क्षतिपूर्ति के लिए किया जाता है।

निम्नलिखित प्रक्रिया का उपयोग शूटिंग के दौरान प्रयुक्त प्रकाश के अधीन श्वेत संतुलन मान को मापने के लिए करें।

1 श्वेत या धूसर संदर्भ वस्तु को शूटिंग के दौरान प्रयुक्त प्रकाश के नीचे रखें।

2 शूटिंग मेनू प्रदर्शित करें (🕮 53), **White balance (श्वेत संतुलन)** मेनू में **PRE Preset manual (प्रीसेट मैनुअल)** चुनने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और Ⓚ बटन दबाएँ।



श्वेत संतुलन को मापने के लिए कैमरा स्थिति पर ज़ूम इन करता है।

3 **Measure (माप)** का चयन करें।

सबसे नवीनतम मापे गए श्वेत संतुलन मान को लागू करने के लिए, **Cancel (रद्द करें)** को चुनें और Ⓚ बटन दबाएँ। श्वेत संतुलन सेटिंग दुबारा मापा नहीं जाएगा और सबसे हाल में मापा गया मान सेट किया जाएगा।



4 संदर्भ वस्तु को मापक विंडो में फ़्रेम करें।

5 प्रीसेट मैनुअल के लिए किसी मान को मापने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ।

शटर रिलीज़ होता है (कोई छवि कैप्चर नहीं होती) और नया श्वेत-संतुलन मान सेट होता है।

☑ प्रीसेट मैनुअल पर नोट

जब फ़्लैश प्रज्वलित होता है तो कैमरा श्वेत संतुलन मान माप नहीं सकता है। फ़्लैश के साथ शूटिंग करते समय, **White balance (श्वेत संतुलन)** को **Auto (स्वतः)** या **Flash (फ़्लैश)** पर सेट करें।

Continuous (सतत)

(स्वतः) ➔ MENU (Shooting menu (शूटिंग मेनू)) ➔ Continuous (सतत)

सेटिंग को सतत या BSS (उत्तम शॉट चयनकर्ता) में बदलें।

S	Single (एकल) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)

शटर-रिलीज़ बटन दबाए जाने पर हर बार एक छवि कैप्चर की जाएगी।

	Continuous (सतत)

जब छवि मोड **14M 4320×3240** पर सेट किया गया हो, तब शटर-रिलीज़ बटन पूरी तरह नीचे दबाए जाने पर, लगभग 0.7 फ़्रेम प्रति सेकंड (fps) की दर से 19 छवियाँ कैप्चर की जा सकती हैं।

BSS	BSS (उत्तम शॉट चयनकर्ता)

फ़्लैश बंद करके या कैमरा ज़ूम इन करके, अथवा असावधानीवश गति के कारण चित्र धुँधली कर देने वाली परिस्थितियों में शूटिंग करते समय "उत्तम शॉट चयनकर्ता" की सिफ़ारिश की जाती है।
जब शटर-रिलीज़ बटन पूरी तरह नीचे दबाया गया हो, तो कैमरा दस छवियों तक की श्रृंखला कैप्चर करता है, और श्रृंखला की सबसे स्पष्ट छवि स्वचालित रूप से चयनित और सहेजी जाती है।

	Multi-shot 16 (मल्टी-शॉट 16)

शटर-रिलीज़ बटन पूरी तरह नीचे दबाए जाने पर हर बार, कैमरा लगभग 30 फ़्रेम प्रति सेकंड (fps) की दर से 16 छवियाँ शूट करता है, फिर उन्हें एकल छवि में व्यवस्थित करता है। छवियों को छवि मोड **5M** पर लॉक करके कैप्चर किया जाता है (छवि आकार: 2560 × 1920 पिक्सेल)।



- डिजिटल ज़ूम का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

मौजूदा सेटिंग के लिए आइकन शूटिंग के दौरान मॉनीटर पर प्रदर्शित होता है (📖 8)। जब **Single (एकल)** पर सेट हो, तो कोई आइकन प्रदर्शित नहीं होता है।

☑ सतत शूटिंग पर नोट

- जब **Continuous (सतत)**, **BSS**, या **Multi-shot 16 (मल्टी-शॉट 16)** चयनित होता है, तो फ़्लैश अक्षम हो जाता है। प्रत्येक श्रृंखला में पहली छवि के लिए निर्धारित मानों पर फ़ोकस, एक्सपोज़र, और श्वेत संतुलन निर्धारित किए जाते हैं।
- वर्तमान छवि मोड सेटिंग, प्रयुक्त स्मृति कार्ड, और शूटिंग परिवेश के आधार पर सतत शूटिंग के साथ फ़्रेम दर में भिन्नता होती है।
- इस सुविधा का उपयोग अन्य सुविधाओं के साथ नहीं किया जा सकता है। → "कैमरा सेटिंग जिन्हें उसी समय सेट नहीं किया जा सकता है" (📖 61)

☑ BSS पर नोट

BSS उन विषयों की शूटिंग के लिए अधिक उपयुक्त हैं जो गतिशील न हों। गतिशील विषयों की शूटिंग करते समय या जब शूटिंग के दौरान चित्र की रचना परिवर्तित हो, तो अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हो सकते हैं।

Multi-shot 16 पर नोट

Multi-shot 16 के साथ शूटिंग करते समय मॉनीटर पर दिखाई देने वाला धब्बा (📖 128) सहेजे गए छवि डेटा में भी दिखाई देगा। धब्बे के प्रभाव को कम करने के लिए, शूटिंग करते समय सूर्य, सूर्य के प्रतिबिंब, और इलेक्ट्रिक लाइटों जैसी उज्ज्वल वस्तुओं से बचें।

ISO Sensitivity (ISO संवेदनशीलता)

(स्वतः) ➔ MENU (Shooting menu (शूटिंग मेनू)) ➔ ISO sensitivity (ISO संवेदनशीलता)

जब ISO संवेदनशीलता बढ़ाई जाती है, तो चित्र लेने के लिए कम प्रकाश की आवश्यकता होती है।

उच्च ISO संवेदनशीलता धुँधले विषयों को कैप्चर करना अनुमत करती है। इसके अतिरिक्त, समान उज्ज्वलता वाले विषयों के साथ भी, तेज़ शटर गति पर चित्र लिए जा सकते हैं, और कैमरा कंपन द्वारा उत्पन्न धुँधलापन और विषय गतिशीलता को कम किया जा सकता है।

- हालाँकि धुँधले विषयों के साथ शूटिंग करते समय उच्च ISO संवेदनशीलता प्रभावी होती है, फ़्लैश के बिना शूटिंग करने, कैमरा ज़ूम-इन करके शूटिंग करने आदि से छवियों में शोर हो सकता है।

Auto (स्वतः) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)

सामान्य परिस्थितियों में संवेदनशीलता ISO 80 है; जब प्रकाश कम हो और फ़्लैश बंद हो, तब कैमरा संवेदनशीलता को अधिकतम ISO 800 तक बढ़ा कर क्षतिपूर्ति करता है।

80, 100, 200, 400, 800, 1600, 3200, 6400

विशिष्ट मान पर संवेदनशीलता लॉक की जाती है।

- जब ISO संवेदनशीलता लॉक की जाए, **Motion detection (गति पहचान)** (📖 114) काम नहीं करता है।

मौजूदा सेटिंग के लिए आइकन मॉनीटर पर प्रदर्शित होता है (📖 8)। जब **Auto (स्वतः)** का चयन किया जाता है, तो ISO 80 पर ISO आइकन प्रदर्शित नहीं होता है, लेकिन जब ISO संवेदनशीलता स्वतः रूप से 80 से अधिक बढ़ जाती है, तो प्रदर्शित होता है (📖 30)।

ISO संवेदनशीलता पर नोट

इस सुविधा का उपयोग अन्य सुविधाओं के साथ नहीं किया जा सकता है। → "कैमरा सेटिंग जिन्हें उसी समय सेट नहीं किया जा सकता है" (📖 61)

ISO 3200 और ISO 6400

जब **ISO sensitivity (ISO संवेदनशीलता)** को **3200** या **6400** पर सेट किया जाता है, तो उपलब्ध **Image mode (छवि मोड)** सेटिंग **2048×1536**, **1024×768**, और **640×480** तक सीमित होते हैं। शूटिंग के समय प्रदर्शित छवि मोड सूचक लाल रंग में जलता है, और मॉनीटर के बाएँ नीचे की ओर ISO संवेदनशीलता सूचक के बग़ल में ⊞ प्रदर्शित होता है।



Color Options (रंग विकल्प)

(स्वतः) ➔ MENU (Shooting menu (शूटिंग मेनू)) ➔ Color options (रंग विकल्प)

रंगों को अधिक भड़कीला बनाता है या छवियों को मोनोक्रोम में सहेजता है।

	Standard color (मानक रंग) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)
	प्राकृतिक रंग को प्रदर्शित करने वाली छवियों के लिए उपयोग करें।
	Vivid color (भड़कीला रंग)
	भड़कीला, "फ़ोटोप्रिंट" प्रभाव प्राप्त करने के लिए उपयोग करें।
	Black-and-white (श्वेत-श्याम)
	छवियों को श्वेत-श्याम में सहेजें।
	Sepia (सेपिया)
	छवियों को सेपिया टोन में सहेजें।
	Cyanotype (सायनोटाइप)
	छवियों को सियान-ब्लू मोनोक्रोम में सहेजें।

मौजूदा सेटिंग के लिए आइकन शूटिंग के दौरान मॉनीटर पर प्रदर्शित होता है (🕮 8)। तथापि, जब **Standard color (मानक रंग)** चयनित हो, तो कोई आइकन प्रदर्शित नहीं होता है। चयनित विकल्प के प्रभाव का मॉनीटर पर पूर्वावलोकन किया जा सकता है।

Color Options (रंग विकल्पों) पर नोट

इस सुविधा का उपयोग अन्य सुविधाओं के साथ नहीं किया जा सकता है। → "कैमरा सेटिंग जिन्हें उसी समय सेट नहीं किया जा सकता है" (🕮 61)

कैमरा सेटिंग जिन्हें उसी समय सेट नहीं किया जा सकता है

शूटिंग मेनू में कुछ सेटिंग का उपयोग अन्य फ़ंक्शन के साथ नहीं हो सकता है।

प्रतिबंधित कार्य	सेटिंग	विवरण
Flash mode (फ़्लैश मोड)	Continuous (सतत) (📖 58)	**Continuous (सतत)**, **BSS**, या **Multi-shot 16 (मल्टी-शॉट 16)** का उपयोग करते समय, फ़्लैश का प्रयोग नहीं किया जा सकता है।
Digital zoom	Continuous (सतत) (📖 58)	जब **Multi-shot 16 (मल्टी-शॉट 16)** के साथ शूटिंग कर रहे हों, तो डिजिटल ज़ूम का उपयोग नहीं किया जा सकता है।
Image mode (छवि मोड)	Continuous (सतत) (📖 58)	जब **Multi-shot 16 (मल्टी-शॉट 16)** का उपयोग किया जा रहा हो, तो **Image mode (छवि मोड)** 5M पर निर्धारित होती है (छवि आकार: 2560×1920 पिक्सेल)।
	ISO sensitivity (ISO संवेदनशीलता) (📖 59)	जब **ISO sensitivity (ISO संवेदनशीलता)** को **3200** या **6400** पर सेट किया जाता है, तो उपलब्ध **Image mode (छवि मोड)** 3M **2048×1536**, PC **1024×768**, और VGA **640×480** पर प्रतिबंधित होते हैं। सभी अन्य छवि मोड सेटिंग के लिए, यदि **ISO sensitivity (ISO संवेदनशीलता)** को **3200** या **6400** पर सेट किया जाए, तो छवि मोड सेटिंग 3M **2048×1536** में बदलता है।
White balance (श्वेत संतुलन)	Color options (रंग विकल्प) (📖 60)	जब **Black-and-white (श्वेत-श्याम)**, **Sepia (सेपिया)**, या **Cyanotype (सायनोटाइप)** का उपयोग किया जा रहा हो, तो **White balance (श्वेत संतुलन)** सेटिंग **Auto (स्वतः)** पर निर्धारित होता है।
Continuous (सतत)	Self-timer (सेल्फ़-टाइमर) (📖 31)	सेल्फ़-टाइमर का उपयोग करते समय, सेटिंग **Single (एकल)** पर निर्धारित होती है।
(ISO sensitivity) ISO संवेदनशीलता	Continuous (सतत) (📖 58)	जब **Multi-shot 16 (मल्टी-शॉट 16)** का उपयोग किया जा रहा हो, तो उज्ज्वलता के अनुसार **ISO sensitivity (ISO संवेदनशीलता)** स्वतः रूप से सेट की जाती है।
Print date (मुद्रण तिथि)	Continuous (सतत) (📖 58)	**Continuous (सतत)** या **BSS** का उपयोग करते समय कैप्चर की गई छवियों पर शूटिंग तिथि अंकित नहीं किया जा सकता है।
Motion detection (गति पहचान)	Continuous (सतत) (📖 58)	जब **Multi-shot 16 (मल्टी-शॉट 16)** के साथ शूटिंग किया जा रहा हो, तो **Motion detection (गति पहचान)** कार्य नहीं करता है।
	ISO sensitivity (ISO संवेदनशीलता) (📖 59)	जब ISO संवेदनशीलता **Auto (स्वतः)** के अतिरिक्त किसी अन्य सेटिंग पर सेट की जाए, तो **Motion detection (गति पहचान)** काम नहीं करता है।

पूर्ण-फ़्रेम संचालन

शूटिंग के दौरान प्लेबैक मोड में स्विच करने तथा छवियों को देखने के लिए (🕮 26) ▶ बटन दबाएँ।



छवियों को पूर्ण-फ़्रेम में देखते समय निम्नलिखित संचालन निष्पादित किए जा सकते हैं।

फ़ंक्शन	नियंत्रण	विवरण	🕮
छवियाँ चुनें		पिछली या अगली छवि देखने के लिए ▲, ▼, ◀, या ▶ दबाएँ। छवियों को शीघ्र स्कैन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲, ▼, ◀, या ▶ थामे रहें।	11
थंबनेल प्रदर्शन/कैलेंडर में स्विच करें	**W** (▦)	4, 9, या 16 छवि थंबनेल प्रदर्शित करें। 16 छवि थंबनेल प्रदर्शित करते समय, कैलेंडर प्रदर्शित करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **W** (▦) पर घुमाएँ।	63, 64
प्लेबैक ज़ूम	**T** (🔍)	छवि को लगभग 10× तक परिवर्धित किया जा सकता है। पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक में लौटने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ।	65
मूवी प्लेबैक	Ⓚ	चयनित मूवी प्ले करें।	88
छवियाँ हटाना	🗑	हटाने की पद्धति का चयन करें और छवियाँ हटाएँ।	27
मेनू प्रदर्शन	MENU	प्लेबैक मेनू प्रदर्शित करें।	67
शूटिंग मोड में स्विच करें	📷 ●	📷 बटन या शटर-रिलीज़ बटन दबाएँ। शूटिंग मोड में बदलने के लिए ● (🎥 मूवी-रिकॉर्ड) बटन का भी उपयोग किया जा सकता है।	10

छवियों का समन्वयन (ऊर्ध्वाधर/क्षैतिज) बदलना

प्लेबैक मेनू (🕮 67) में **Rotate image (छवि घुमाएँ)** (🕮 74) के उपयोग से चित्र लेने के बाद छवि का समन्वयन बदला जा सकता है।

एकाधिक छवियाँ देखना: थंबनेल प्लेबैक

पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड में (🕮 26) ज़ूम नियंत्रण को **W** (▦) पर घुमाएँ ताकि थंबनेल छवियों के "संपर्क शीट" में छवियाँ प्रदर्शित हों।

निम्नलिखित संचालन निष्पादित किए जा सकते हैं जब थंबनेल प्रदर्शित हों।

फ़ंक्शन	नियंत्रण	विवरण	🕮
छवियाँ चुनें		बहु-चयनकर्ता ▲, ▼, ◀, या ▶ दबाएँ।	11
प्रदर्शित छवियों की संख्या बढ़ाएँ/कैलेंडर प्रदर्शन लागू करें	**W** (▦)	प्रदर्शित छवि थंबनेल की संख्या बढ़ाने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **W** (▦) पर घुमाएँ: 4 → 9 → 16। ज़ूम नियंत्रण को कैलेंडर प्रदर्शन (🕮 64) लागू करने के लिए 16-छवि थंबनेल प्रदर्शन में **W** (▦) पर घुमाएँ, और छवियाँ कैप्चर किए गए तिथि अनुसार पा सकते हैं। थंबनेल प्रदर्शन मोड में वापसी हेतु ज़ूम नियंत्रण को **T** (🔍) पर घुमाएँ।	–
प्रदर्शित फ़्रेम की संख्या घटाएँ	**T** (🔍)	प्रदर्शित छवियों की संख्या 16 → 9 → 4 तक घटाने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **T** (🔍) पर घुमाएँ। जब 4 छवियाँ प्रदर्शित हों, पूर्ण-फ़्रेम प्रदर्शन मोड में वापसी के लिए दुबारा ज़ूम नियंत्रण को **T** (🔍) पर घुमाएँ।	
छवियाँ हटाना	🗑	हटाने की पद्धति का चयन करें और छवियाँ हटाएँ।	27
पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक में स्विच करें	Ⓚ	Ⓚ बटन दबाएँ।	26
शूटिंग मोड में स्विच करें		📷 बटन या शटर-रिलीज़ बटन दबाएँ। शूटिंग मोड में बदलने के लिए ● (🎥 मूवी-रिकॉर्ड) बटन का भी उपयोग किया जा सकता है।	10

थंबनेल प्लेबैक मोड प्रदर्शन

जब **Print order (मुद्रण आदेश)** (🕮 68) और **Protect (रक्षित करें)** (🕮 72) के लिए छवियाँ चयनित होती हैं, तो उनके साथ दाईं ओर दिखाए गए आइकन प्रदर्शित होते हैं। मूवी फ़िल्म फ़्रेम के रूप में प्रदर्शित होते हैं।



कैलेंडर प्रदर्शन

प्लेबैक मोड (🕮 63) में 16 थंबनेल फ़्रेम प्रदर्शित करते समय, ज़ूम नियंत्रण को **W** (▪) पर घुमाते हुए कैलेंडर प्रदर्शन पर स्विच करें।

आप छवियों का चयन उनके लिए जाने वाले तिथि के आधार पर कर सकते हैं। छवियों वाले तिथि के नीचे पीली रेखा होती है।

निम्नलिखित संचालन कैलेंडर प्रदर्शन में उपलब्ध हैं।

फ़ंक्शन	नियंत्रण	विवरण	🕮
तिथि चुनें		बहु-चयनकर्ता ▲, ▼, ◀, या ▶ दबाएँ।	11
पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक में स्विच करें	ⓚ	उस तिथि के लिए पहली छवि पूर्ण-फ़्रेम में प्रदर्शित होगी।	26
थंबनेल प्रदर्शन में स्विच करें	**T** (Q)	ज़ूम नियंत्रण को **T** (Q) तक घुमाएँ।	–

कैलेंडर प्रदर्शन

- कैमरा तिथि सेट न होने पर कैप्चर की गई छवियों को 1 जनवरी, 2012 को ली गई छवियाँ माना जाता है।
- कैलेंडर प्रदर्शन के दौरान 🗑 बटन और MENU बटन उपलब्ध नहीं होते हैं।

ध्यानपूर्वक देखना: प्लेबैक ज़ूम

पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड (🕮 26) के दौरान ज़ूम नियंत्रण को **T** (Q) पर घुमाने से वर्तमान छवि पर ज़ूम करता है, जिसमें छवि का केंद्र मॉनीटर पर प्रदर्शित होता है।

- मॉनीटर के दाएँ निचले हिस्से में प्रदर्शित गाइड दर्शाएगा कि छवि का कौन-सा भाग सम्प्रति प्रदर्शित हो रहा है।



निम्नलिखित संचालन निष्पादित किए जा सकते हैं जब छवियों पर ज़ूम-इन किया जाए।

फ़ंक्शन	नियंत्रण	विवरण	🕮
ज़ूम इन	**T** (Q)	जब भी ज़ूम नियंत्रण को **T** (Q) पर घुमाया जाए, तो हर बार लगभग 10× ज़ूम बढ़ता है।	–
ज़ूम आउट	**W** (▦)	जब भी ज़ूम नियंत्रण को **W** (▦) पर घुमाया जाए, तो हर बार ज़ूम कम होता है। जब आवर्धन अनुपात 1× पर पहुँचता है, तो प्रदर्शन पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड पर लौटता है।	–
छवि के अन्य क्षेत्रों को देखें		मॉनीटर में न दिखने वाले छवि के अन्य क्षेत्रों पर स्क्रॉल करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲, ▼, ◀, या ▶ को दबाएँ।	11
पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक में स्विच करें	OK	OK बटन दबाएँ।	26
छवि क्रॉप करें	MENU	केवल मॉनीटर पर दिखने वाला भाग शामिल होने के लिए वर्तमान छवि को क्रॉप करने के लिए MENU बटन दबाएँ।	79
छवियाँ हटाना	🗑	हटाने की पद्धति का चयन करें और छवियाँ हटाएँ।	27
शूटिंग मोड में स्विच करें	📷 ●	📷 बटन या शटर-रिलीज़ बटन दबाएँ। शूटिंग मोड में बदलने के लिए ● (🎥 मूवी-रिकॉर्ड) बटन का भी उपयोग किया जा सकता है।	10

चेहरा पहचान या पेट पहचान के साथ खींची गई छवियाँ



जब पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड में ज़ूम नियंत्रण को **T** (Q) पर घुमाते हुए, चेहरा पहचान (📖 24) या पेट पहचान (📖 43) के उपयोग द्वारा कैप्चर की गई छवि पर ज़ूम इन करते हैं, तो शूटिंग के दौरान मॉनीटर के केंद्र में पहचाने गए चेहरे सहित छवि आवर्धित होगी।

- यदि कई चेहरों की पहचान होती है, तो शूटिंग समय के दौरान जिस चेहरे पर फ़ोकस किया गया था उसका केंद्रीयकृत बिंदु के रूप में उपयोग करते हुए छवि को परिवर्धित किया जाएगा, और बहु-चयनकर्ता ▲, ▼, ◀ या ▶ दबाने पर आप लोगों के चेहरों की अदला-बदली करने में सक्षम होंगे।
- सामान्य रूप में ज़ूम इन या आउट करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **T** (Q) की ओर दुबारा या **W** (▦) पर घुमाएँ।

Playback Menu (प्लेबैक मेनू)

प्लेबैक मोड में निम्नलिखित विकल्प उपलब्ध हैं।

	D-Lighting	77
	छवियों के धुँधले भागों में उज्ज्वलता और कंट्रास्ट को बढ़ाता है।	
	Print order (मुद्रण आदेश)	68
	मुद्रण के लिए छवियाँ और प्रत्येक की कॉपियों की संख्या का चयन करें।	
	Slide show (स्लाइड शो)	71
	स्वचालित स्लाइड शो में आंतरिक स्मृति या स्मृति कार्ड में सहेजी गई छवियाँ देखें।	
	Protect (रक्षित करें)	72
	चयनित छवियों को आकस्मिक विलोपन से बचाएँ।	
	Rotate image (छवि घुमाएँ)	74
	छवि का समन्वयन बदलें।	
	Small picture (छोटा चित्र)	78
	मौजूदा छवि की एक छोटी कॉपी बनाएँ।	
	Copy (कॉपी करना)	75
	स्मृति कार्ड और आंतरिक स्मृति के बीच फ़ाइलें कॉपी करें।	

प्लेबैक मेनू प्रदर्शित करना

प्लेबैक मोड (📖 62) में प्रवेश करने के लिए ▶ (प्लेबैक) बटन दबाएँ। MENU बटन दबा कर प्लेबैक मेनू प्रदर्शित करें।



- सेटिंग (📖 11) का चयन करके लागू करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें।
- MENU बटन दबा कर प्लेबैक मेनू से बाहर निकलें।

Print Order (मुद्रण आदेश)

▶ बटन (प्लेबैक मोड) ➔ MENU (Playback menu (प्लेबैक मेनू)) ➔ Print order (मुद्रण आदेश)

जब निम्नलिखित किसी पद्धति के उपयोग से छवियों का मुद्रण किया जा रहा हो, तब आप मुद्रित की जाने वाली छवियों और प्रत्येक छवि के कॉपियों की मुद्रण संख्या चुन सकते हैं, और स्मृति कार्ड पर इस इलेक्ट्रॉनिक "मुद्रण आदेश" संबंधी जानकारी को सहेज सकते हैं।

- DPOF-संगत प्रिंटर (📖 144) के कार्ड स्लॉट में कैमरे के स्मृति कार्ड को डाल कर मुद्रण करना
- कैमरे के स्मृति कार्ड को फ़ोटो लैब में ले जाकर मुद्रण करना
- कैमरा (📖 97) को PictBridge-संगत प्रिंटर (📖 144) से जोड़ कर मुद्रण करना (कैमरे से स्मृति कार्ड को निकाल कर, आप आंतरिक स्मृति में सहेजी गई छवियों को मुद्रित करने के लिए भी इस पद्धति का उपयोग कर सकते हैं)

1 प्लेबैक मोड में MENU बटन को दबाएँ।
प्लेबैक मेनू प्रदर्शित होता है।



2 **Print order (मुद्रण आदेश)** का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और OK बटन दबाएँ।



3 **Select images (छवियाँ चुनें)** का चयन करें और OK बटन दबाएँ।



4 छवियाँ (99 तक) और प्रत्येक कॉपी की संख्या (नौ तक) का चयन करें।



अपेक्षित छवियाँ चुनने के लिए बहु-चयनकर्ता ◀ या ▶ दबाएँ। प्रत्येक के लिए कॉपियों की संख्या सेट करने के लिए ▲ या ▼ दबाएँ।

मुद्रण के लिए चयनित छवियों को सही के निशान (✓) और मुद्रित की जाने वाली कॉपियों की संख्या सूचित करने वाले अंक से पहचाना जा सकता है। जिन छवियों के लिए कॉपियाँ निर्दिष्ट नहीं की गई हैं वे मुद्रित नहीं की जाएँगी।

पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक प्रदर्शित करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **T** (Q) पर, और 12 थंबनेल पर वापस स्विच करने के लिए **W** (▦) पर घुमाएँ।

सेटिंग पूरी हो जाने पर Ⓚ बटन दबाएँ।

5 शूटिंग तिथि और शूटिंग जानकारी भी मुद्रित करें या नहीं इसका चयन करें।



मुद्रण आदेश में सभी छवियों पर शूटिंग तिथि मुद्रित करने के लिए **Date (तिथि)** चुनें और Ⓚ बटन दबाएँ।

मुद्रण आदेश में सभी छवियों पर शूटिंग जानकारी (शटर गति और एपर्चर) मुद्रित करने के लिए **Info (जानकारी)** चुनें और Ⓚ बटन दबाएँ।

मुद्रण आदेश पूरा करने और बाहर निकलने के लिए **Done (संपन्न)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

प्लेबैक के दौरान **Print order (मुद्रण आदेश)** के लिए निर्दिष्ट की गई छवियाँ 🖶 आइकन द्वारा सूचित होती हैं।



शूटिंग तिथि और शूटिंग जानकारी के मुद्रण पर नोट

जब मुद्रण आदेश मेनू में **Date (तिथि)** और **Info (जानकारी)** विकल्प सक्षम किया जाता है, तो शूटिंग तिथि और शूटिंग जानकारी के मुद्रण का समर्थन करने वाले DPOF-संगत प्रिंटर (🕮 144) का उपयोग किए जाने पर छवियों पर शूटिंग तिथि और शूटिंग जानकारी मुद्रित की जाती है।

- जब DPOF मुद्रण (🕮 101) के लिए कैमरा USB केबल के ज़रिए सीधे प्रिंटर से कनेक्ट किया गया हो, तो शूटिंग जानकारी का मुद्रण संभव नहीं है।
- **Print order (मुद्रण आदेश)** मेनू प्रदर्शित होने पर प्रत्येक बार **Date (तिथि)** और **Info (जानकारी)** रीसेट हो जाती हैं।
- **Print order (मुद्रण आदेश)** मेनू में **Date (तिथि)** को सक्षम करके DPOF मुद्रण के साथ छवियों पर मुद्रित तिथि और समय, वही हैं जो छवि के साथ कैप्चर करते समय सहेजी गई थीं। छवि कैप्चर करने के बाद सेटअप मेनू के **Time zone and date (समय क्षेत्र और तिथि)** विकल्प में **Date and time (तिथि और समय)** या **Time zone (समय क्षेत्र)** के उपयोग द्वारा कैमरे की तिथि को परिवर्तित करने का छवि पर मुद्रित तिथि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

सभी मुद्रण आदेशों को हटाना

मुद्रण आदेश प्रक्रिया (🕮 68) के चरण 3 में **Delete print order (मुद्रण आदेश हटाएँ)** का चयन करें और सभी छवियों हेतु मुद्रण आदेशों को हटाने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ।

मुद्रण तिथि

सेटअप मेनू में **Print date (मुद्रण तिथि)** (🕮 112) के उपयोग द्वारा शूटिंग करते समय छवियों पर शूटिंग तिथि और समय अंकित किया जा सकता है। तिथि मुद्रण का समर्थन न करने वाले प्रिंटरों से भी तिथि मुद्रित किए जा सकते हैं (🕮 70)। मुद्रण आदेश स्क्रीन पर तिथि का चयन करते हुए **Print order (मुद्रण आदेश)** सक्षम किए जाने के बावजूद, छवियों पर केवल **Print date (मुद्रण तिथि)** तिथि और समय मुद्रित किए जाएँगे।

Slide show (स्लाइड शो)

▶ बटन (प्लेबैक मोड) ➔ MENU (Playback menu (प्लेबैक मेनू)) ➔ Slide show (स्लाइड शो)

स्वचालित स्लाइड शो में आंतरिक स्मृति या स्मृति कार्ड में सहेजी गई छवियाँ देखें।

1 **Start (आरंभ)** का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

स्वचालित रूप से स्लाइड शो दोहराने के लिए, **Loop (लूप)** का चयन करें और **Start (आरंभ)** के चयन से पहले Ⓚ बटन दबाएँ। जब सक्षम किया जाए तब लूप विकल्प में सही का निशान (✔) जोड़ा जाता है।



2 स्लाइड शो आरंभ होता है।

जब स्लाइड शो चल रहा हो, तब अगली छवि प्रदर्शित करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▶ को दबाएँ या पिछली छवि प्रदर्शित करने के लिए ◀ को दबाएँ। आगे बढ़ाने या पीछे खिसकाने के लिए कोई भी बटन नीचे दबाए रखें।

स्लाइड शो को समाप्त करने या विराम देने के लिए, Ⓚ बटन दबाएँ।

3 **End (समाप्त) करें** या **Restart (पुनरारंभ)** का चयन करें।

जब स्लाइड शो समाप्त किया जाता है या रोका जाता है, तो दाईं ओर दिखाया गया स्क्रीन प्रदर्शित होता है। **End (समाप्त)** का चयन करें और प्लेबैक मेनू में लौटने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ। स्लाइड शो दुबारा चलाने के लिए **Restart (पुनरारंभ)** का चयन करें।



स्लाइड शो पर नोट

- स्लाइड शो में शामिल मूवी के केवल पहले फ़्रेम (📖 88) प्रदर्शित होंगे।
- **Loop (लूप)** चयनित होने के बावजूद, मॉनीटर लगातार 30 मिनटों तक स्लाइड शो प्रदर्शित कर सकता है (📖 116)।

Protect (रक्षित करें)

▶ बटन (प्लेबैक मोड) ➔ MENU (Playback menu (प्लेबैक मेनू)) ➔ Protect (रक्षित करें)

चयनित छवियों को आकस्मिक विलोपन से बचाएँ। चयनित छवियों के लिए रक्षा चालू और बंद करने के लिए छवि चयन स्क्रीन का उपयोग करें (अधिक जानकारी के लिए "एकाधिक छवियों का चयन" (📖 73) देखें)।

तथापि, नोट करें कि कैमरे की आंतरिक स्मृति या स्मृति कार्ड को फ़ॉरमेट करने से रक्षित फ़ाइलें स्थाई रूप से मिट जाती हैं (📖 117)।

रक्षित छवियों को प्लेबैक मोड में आइकन (📖 9, 64) द्वारा पहचाना जा सकता है।

एकाधिक छवियों का चयन

निम्नलिखित किसी सुविधा का उपयोग करते समय, छवियों का चयन करने पर दाईं ओर दर्शाया गया स्क्रीन प्रदर्शित होता है।

- Print order (मुद्रण आदेश) > **Select images (छवियाँ चुनें)** (🕮 68)
- Protect (रक्षित करें) (🕮 72)
- Rotate image (छवि घुमाएँ) (🕮 74)
- Copy (कॉपी) > **Selected images (चयनित छवियाँ)** (🕮 75)
- Welcome screen (स्वागत स्क्रीन) > **Select an image (छवि चुनें)** (🕮 105)
- छवि हटाएँ > **Erase selected images (चयनित छवियाँ मिटाएँ)** (🕮 27)

1 अपेक्षित छवियाँ चुनने के लिए बहु-चयनकर्ता ◀ या ▶ दबाएँ।



पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक प्रदर्शित करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **T** (Q) पर, और 12 थंबनेल पर वापस स्विच करने के लिए **W** (▦) पर घुमाएँ।

Welcome screen (स्वागत स्क्रीन) और **Rotate image (छवि घुमाएँ)** के लिए केवल एक छवि का चयन किया जा सकता है। चरण 3 पर आगे बढ़ें।

2 चयन करने या चयन बदलने (या कॉपियों की संख्या निर्दिष्ट करने) के लिए ▲ या ▼ दबाएँ।

जब **ON** चयनित होता है, तो ✓ प्रदर्शित होता है। अतिरिक्त छवियाँ चुनने के लिए चरण 1 और 2 दोहराएँ।

3 छवियों के चयन के निर्धारित करने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ।

Selected images (चयनित छवियाँ) जैसे कुछ स्क्रीनों के लिए पुष्टि संवाद प्रदर्शित होता है। इस मामले में ऑन-स्क्रीन निर्देशों का पालन करें।

Rotate image (छवि घुमाएँ)

▶ बटन (प्लेबैक मोड) ➔ MENU (Playback menu (प्लेबैक मेनू)) ➔ Rotate image (छवि घुमाएँ)

चित्र लेने के बाद कैमरा के मॉनीटर पर प्रदर्शित छवि समन्वयन (अनुलंब या क्षैतिज फ़्रेम) सेट करें।
छवियों को 90° दक्षिणावर्त या वामावर्त घुमाया जा सकता है।
पोर्ट्रेट (ऊर्ध्वाधर) समन्वयन में सहेजी गई छवियों को दोनों दिशाओं में 180° तक घुमाया जा सकता है।

छवि घुमाने वाले स्क्रीन को प्रदर्शित करने के लिए छवि चयन स्क्रीन (📖 73) पर छवियों का चयन करें। छवि को 90° घुमाने के लिए बहु-चयनकर्ता ◀ या ▶ दबाएँ।

90° वामावर्त घुमाएँ

90° दक्षिणावर्त घुमाएँ

प्रदर्शित दिशा के चयन के लिए OK बटन दबाएँ और छवि पर ऊर्ध्वाधर / क्षैतिज स्थिति डेटा सहेजी जाएगी।

Copy (कॉपी): स्मृति कार्ड और आंतरिक स्मृति के बीच कॉपी करना

▶ बटन (प्लेबैक मोड) ➔ MENU (Playback menu (प्लेबैक मेनू)) ➔ Copy (कॉपी)

आंतरिक स्मृति और किसी स्मृति कार्ड के बीच छवियों को कॉपी करें।

1 बहु-चयनकर्ता के उपयोग द्वारा कॉपी स्क्रीन से किसी विकल्प का चयन करें और OK बटन दबाएँ।



- : आंतरिक स्मृति से स्मृति कार्ड में छवियाँ कॉपी करें।
- : स्मृति कार्ड से आंतरिक स्मृति में छवियाँ कॉपी करें।

2 कॉपी विकल्प का चयन करें और OK बटन दबाएँ।



Selected images (चयनित छवियाँ): छवि चयन स्क्रीन (📖 73) से चयनित छवियाँ कॉपी करें।

All images (सभी छवियाँ): सभी छवियाँ कॉपी करें।

कॉपी पर नोट

- JPEG- और MOV-स्वरूप की फ़ाइलें कॉपी की जा सकती हैं। अन्य किसी स्वरूप में सहेजी गई फ़ाइलें कॉपी नहीं की जा सकती हैं।
- अन्य बनावट वाले कैमरा से कैप्चर की गई छवियाँ या कंप्यूटर पर संशोधित छवियों को कॉपी नहीं किया जा सकता है।
- जब उन छवियों को कॉपी किया जा रहा हो, जिनके लिए **Print order (मुद्रण आदेश)** (📖 68) विकल्प सक्षम किया गया है, तो मुद्रण आदेश सेटिंग कॉपी नहीं होते हैं। तथापि, उन छवियों को कॉपी करते समय, जिनके लिए **Protect (रक्षित करें)** (📖 72) सक्षम किया गया हो, तो रक्षा सेटिंग कॉपी होती है।

स्मृति में कोई छवियाँ नहीं हैं। संदेश

जब प्लेबैक मोड लागू किया जाए, तब यदि कैमरे में शामिल स्मृति कार्ड में कोई छवियाँ सहेजी नहीं गई हों, तो संदेश **Memory contains no images. (स्मृति में कोई छवि नहीं है।)** प्रदर्शित होगा। कॉपी विकल्प स्क्रीन प्रदर्शित करने के लिए MENU बटन दबाएँ, और कैमरा की आंतरिक स्मृति में सहेजी गई छवियों को स्मृति कार्ड पर कॉपी करें।

अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए "फ़ाइल और फ़ोल्डर नाम" (📖 131) देखें।

छवि संपादन फ़ंक्शन

छवियों को इन-कैमरा संपादित करने के लिए कैमरा इस्तेमाल करें और उन्हें अलग फ़ाइलों के रूप में सहेजें। नीचे वर्णित संपादन सुविधाएँ उपलब्ध हैं (🕮 131)।

संपादन फ़ंक्शन	विवरण
D-Lighting (🕮 77)	मौजूदा छवि की एक कॉपी प्रवर्धित उज्ज्वलता और कंट्रास्ट के साथ, छवि के धुंधले भागों को चमकाते हुए तैयार करें।
Small picture (छोटा चित्र) (🕮 78)	ई-मेल अनुलग्नकों के रूप में उपयोग के लिए उपयुक्त छवियों की छोटी कॉपी बनाएँ।
क्रॉप (🕮 79)	छवि के एक भाग को क्रॉप करें। विषय पर ज़ूम-इन का उपयोग करें या रचना व्यवस्थित करें।

छवि संपादन पर नोट

- **4224×2376** या **1920×1080** के **Image mode (छवि मोड)** सेटिंग (🕮 54) पर कैप्चर की गई छवियाँ संपादित नहीं की जा सकती हैं।
- केवल COOLPIX L310 से कैप्चर की गई छवियाँ इस कैमरे से संपादित की जा सकती हैं।
- अलग मॉडल के डिजिटल कैमरा का उपयोग करते समय, इस कैमरे से संपादित छवियाँ सही रूप से प्रदर्शित नहीं हो सकती हैं और उन्हें कंप्यूटर पर स्थानांतरित करना संभव नहीं हो सकता है।
- जब आंतरिक स्मृति या स्मृति कार्ड में पर्याप्त रिक्त स्थान ना हो, तब संपादन फ़ंक्शन उपलब्ध नहीं होते हैं।

छवि संपादन पर प्रतिबंध

संपादन द्वारा तैयार छवियों को संपादित करते समय निम्नलिखित सीमाएँ लागू होती हैं।

पहले प्रयुक्त संपादन फ़ंक्शन	अतिरिक्त संपादन फ़ंक्शन
D-Lighting	छोटा चित्र और क्रॉप का उपयोग किया जा सकता है।
Small picture (छोटा चित्र)	अतिरिक्त संपादन संभव नहीं है।
क्रॉप	

- एकसमान संपादन फ़ंक्शन के साथ छवियाँ दो बार संपादित नहीं की जा सकती हैं।
- छोटा चित्र या क्रॉप के साथ D-Lighting का उपयोग करने के लिए, पहले D-Lighting का उपयोग करें, और उस छवि पर निष्पादित अंतिम संपादन फ़ंक्शन के रूप में छोटा चित्र या क्रॉप का उपयोग करें।

मूल छवियाँ और संपादित कॉपियाँ

- मूल छवियाँ हटाने के बावजूद, संपादन फ़ंक्शनों के साथ तैयार की गई कॉपियों को हटाया नहीं जाता है। संपादन फ़ंक्शन के साथ तैयार की गई कॉपियाँ हटाने के बावजूद मूल छवियाँ हटाई नहीं जाती हैं।
- संपादित कॉपियों को मूल के समान उसी शूटिंग तिथी और समय के साथ सहेजा जाता है।
- संपादित कॉपीयों में मूल के **Print order (मुद्रण आदेश)** (🕮 68) और **Protect (रक्षित करें)** (🕮 72) सेटिंग बरकरार नहीं रहते हैं।

D-Lighting: उज्ज्वलता और कंट्रास्ट प्रवर्धित करना

D-Lighting का उपयोग छवि की बढ़ायी गयी उज्ज्वलता और कंट्रॉस्ट, छवि के उज्ज्वल अंधेरे भागों की कॉपियाँ बनाने के लिए किया जा सकता है। प्रवर्धित कॉपियों की संख्या अलग फ़ाइलों के रूप में सहेजी जाती हैं।

1 अपेक्षित छवि का पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड (🕮 62) या थंबनेल प्लेबैक मोड (🕮 63) में चयन करें और **MENU** बटन दबाएँ।

प्लेबैक मेनू प्रदर्शित होता है।



2 **D-Lighting** का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

मूल संस्करण बाईं ओर प्रदर्शित होता है तथा संपादित संस्करण दाईं ओर प्रदर्शित होता है।



3 **OK (ठीक)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

प्रवर्धित उज्ज्वलता और कंट्रास्ट के साथ एक नई छवि तैयार होती है।

रद्द करने के लिए, **Cancel (रद्द करें)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

D-Lighting के साथ तैयार की गई छवियों को प्लेबैक के दौरान प्रदर्शित आइकन से पहचाना जा सकता है।



अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए "फ़ाइल और फ़ोल्डर नाम" (🕮 131) देखें।

Small Picture (छोटा चित्र): छवि आकार घटाना

मौजूदा छवि की एक छोटी कॉपी बनाएँ। वेबसाइट में अपलोड करने के लिए या ई-मेल द्वारा भेजने के लिए उपयुक्त हो। निम्न आकार उपलब्ध हैं: **640×480**, **320×240**, और **160×120**। छोटी कॉपियाँ 1:16 के संपीड़न अनुपात के साथ JPEG फ़ाइलों के रूप में सहेजी जाती हैं।

1 अपेक्षित छवि का पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड (📖 62) या थंबनेल प्लेबैक मोड (📖 63) में चयन करें और MENU बटन दबाएँ।

प्लेबैक मेनू प्रदर्शित होता है।



2 **Small picture (छोटा चित्र)** का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और OK बटन दबाएँ।



3 अपेक्षित कॉपी आकार का चयन करें और OK बटन दबाएँ।



4 **Yes (हाँ)** का चयन करें और OK बटन दबाएँ।

एक नई, छोटी कॉपी तैयार होती है।

रद्द करने के लिए, **No (नहीं)** का चयन करें और OK बटन दबाएँ।

कॉपी काले फ़्रेम के सहित प्रदर्शित होती है।



अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए "फ़ाइल और फ़ोल्डर नाम" (📖 131) देखें।

✂ क्रॉप: क्रॉप की कॉपी तैयार करना

जब प्लेबैक ज़ूम (📖 65) सक्षम के साथ MENU ः ✂ प्रदर्शित हो, तो केवल मॉनीटर पर दिखने वाले हिस्से की कॉपी बनाएँ। क्रॉप की गई कॉपियाँ अलग फ़ाइलों के रूप में सहेजी जाती हैं।

1 छवि पर ज़ूम-इन करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड (📖 62) में **T** (Q) पर घुमाएँ।



"लंबा" (पोर्ट्रेट) समन्वयन में प्रदर्शित छवि को क्रॉप करने के लिए, छवि पर तब तक ज़ूम-इन करें जब तक मॉनीटर के दोनों किनारों पर प्रदर्शित काले बार गायब न हो जाएँ। क्रॉप की गई छवि भूदृश्य समन्वयन में प्रदर्शित होती है। छवि को उसके मौजूदा "लंबा" (पोर्ट्रेट) समन्वयन में क्रॉप करने के लिए, पहले, छवि को घुमाने के लिए **Rotate image (छवि घुमाएँ)** विकल्प (📖 74) का उपयोग करें ताकि वह भूदृश्य समन्वयन में प्रदर्शित हो। इसके बाद, छवि को क्रॉप करने के लिए बड़ा करें, छवि को क्रॉप करें, और फिर क्रॉप की गई छवि को वापस "लंबा" (पोर्ट्रेट) समन्वयन में घुमाएँ।

2 कॉपी रचना को बेहतर करें।



ज़ूम अनुपात को समायोजित करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **T** (Q) या **W** (▦) पर घुमाएँ।

छवि को स्क्रॉल करने के लिए बहु-चयनकर्ता ▲, ▼, ◀ या ▶ को तब तक दबाएँ जब तक कि केवल वह भाग मॉनीटर में दिखे जिसे आप कॉपी करना चाहते हैं।

3 MENU बटन को दबाएँ।



4 **Yes (हाँ)** का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और Ⓚ बटन दबाएँ।



एक क्रॉप की गई कॉपी तैयार है।

कॉपी को सहेजे बिना बाहर निकलने के लिए, **No (नहीं)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

मूल छवि के आकार के बारे में

जैसे-जैसे सहेजा जाने वाला क्षेत्र कम होता है, वैसे-वैसे क्रॉप की गई कॉपी का छवि आकार (पिक्सेल) भी कम होता है। जब छवि क्रॉप की जाती है और क्रॉप की गई कॉपी का आकार 320 × 240 या 160 × 120 होता है, तो प्लेबैक स्क्रीन में छवि काले बॉर्डर के साथ प्रदर्शित होती है, और प्लेबैक स्क्रीन के बाईं ओर छोटा चित्र आइकन 🖻 या 🖻 प्रदर्शित होता है।

अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए "फ़ाइल और फ़ोल्डर नाम" (📖 131) देखें।

मूवीज़ रिकॉर्ड करना

आप ध्वनि के साथ मूवी रिकॉर्ड करने के लिए कैमरा इस्तेमाल कर सकते हैं।

- एकल मूवी के लिए अधिकतम फ़ाइल आकार 4 GB और एकल मूवी के लिए अधिकतम मूवी लंबाई 29 मिनट हैं, भले ही लंबी रिकॉर्डिंग (📖 85) के लिए स्मृति कार्ड में पर्याप्त रिक्त स्थान हो।

1 कैमरा चालू करें और शूटिंग मोड स्क्रीन प्रदर्शित करें।

मूवी की रिकॉर्डिंग किसी भी शूटिंग मोड (📖 33) में आरंभ की जा सकती है।

वर्तमान मूवी विकल्प सेटिंग प्रदर्शित होंगे। डिफ़ॉल्ट सेटिंग है **720p HD 720p (1280×720)** (📖 85)।

मूवीज़ रिकॉर्ड करते समय, देखने का कोण (जैसे, फ़्रेम में दिखाई देने वाला क्षेत्र) स्थिर छवियों के मुकाबले सँकड़ा होता है ।



मूवी विकल्प

2 फ़्लैश को नीचे लाएँ (📖 7)

फ़्लैश को ऊपर रखे हुए मूवी रिकॉर्ड करने से ऑडियो दबा हुआ हो सकता है।

3 रिकॉर्डिंग शुरू करने के लिए ● (मूवी-रिकॉर्ड) बटन दबाएँ।



मॉनीटर कुछ देर के लिए बंद होने के बाद रिकॉर्डिंग शुरू होता है।

कैमरा फ़्रेम के केंद्र में विषय पर फ़ोकस करता है। मूवी रिकॉर्ड करते समय फ़ोकस क्षेत्र प्रदर्शित नहीं होता है।

जब **Movie options (मूवी विकल्प)** को **720p HD 720p (1280×720)** पर सेट किया गया हो, तो आकार अनुपात 16:9 रहता है और दाईं ओर दिखाए गए अनुसार मूवी रिकॉर्ड किया जाता है।



मूवी रिकॉर्ड किए जाने पर सहेजे गए रेंज को सूचित करने वाले फ़्रेम को मूवी की रिकॉर्डिंग शुरू करने से पहले सेटअप मेनू में **Monitor settings (मॉनीटर सेटिंग)** (📖 110) को **Movie frame+auto info (मूफ़्रे+स्वतः जानकारी)** पर सेट करते हुए मॉनीटर पर प्रदर्शित किया जा सकता है।

रिकॉर्डिंग के दौरान अनुमानित शेष मूवी की लंबाई प्रदर्शित होगी। जब अधिकतम मूवी लंबाई रिकॉर्ड हो जाए, तो रिकॉर्डिंग स्वचालित रूप से बंद हो जाता है।

4 रिकॉर्डिंग बंद करने के लिए ● (मूवी-रिकॉर्ड) बटन दबाएँ।

☑ जब कैमरा मूवी सहेज रहा हो

जब मूवी रिकॉर्डिंग बंद हो जाए, शूटिंग स्क्रीन के प्रदर्शित होने तक मूवी पूरी तरह से सहेजा नहीं जाता है। **बैटरी-कक्ष / स्मृति कार्ड स्लॉट कवर को मत खोलिए।** मूवी सहेजे जाते समय स्मृति कार्ड या बैटरी को हटाने के परिणामस्वरूप मूवी डेटा को नुक्सान पहुँच सकता है या कैमरा या स्मृति कार्ड को क्षति पहुँच सकती है।

☑ मूवीज़ रिकॉर्ड करना

- मूवी रिकॉर्ड करते समय, हम श्रेणी 6 या उच्च गति श्रेणी रेटिंग (🕮 130) वाले स्मृति कार्ड के उपयोग की सिफ़ारिश करते हैं। न्यून गति श्रेणी वाले स्मृति कार्ड का उपयोग करते समय, अप्रत्याशित रूप से रिकॉर्डिंग बंद हो सकता है।
- डिजिटल ज़ूम का उपयोग करने पर छवि की गुणवत्ता में कुछ कमी आ सकती है। यदि मूवी रिकॉर्डिंग प्रारंभ होने पर डिजिटल ज़ूम का उपयोग नहीं किया जा रहा हो, तब ज़ूम नियंत्रण को **T** की ओर घुमाने और थामे रहने से ऑप्टिकल ज़ूम के उपयोग से छवि बड़ी होती है और ज़ूम अधिकतम ऑप्टिकल ज़ूम अनुपात पर रुक जाता है। ज़ूम नियंत्रण को छोड़ने के बाद, डिजिटल ज़ूम के उपयोग द्वारा छवि को बड़ा करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को दोबारा **T** की ओर घुमाएँ।
- रिकॉर्डिंग के समाप्त होने पर डिजिटल ज़ूम बंद हो जाता है ।
- ज़ूम नियंत्रण परिचालन, ज़ूम, स्वचालित-फ़ोकस लेंस ड्राइव की गति, और उज्ज्वलता परिवर्तित होने पर एपर्चर परिचालन की ध्वनियाँ रिकॉर्ड हो सकती हैं।
- रिकॉर्डिंग के समय दिखाई देने वाला धब्बा (🕮 128) सहेजे गए छवि डेटा में भी दिखाई देगा। धब्बे के प्रभाव कम करने के लिए, मूवी रिकॉर्ड करते समय सूर्य, सूर्य के प्रतिबिंब, और इलेक्ट्रिक लाइटों जैसी उज्ज्वल वस्तुओं से बचें।
- किसी निश्चित फ़ोकस दूरी या ज़ूम अनुपात पर, विषयों पर रंगीन धारियों वाला पैटर्न (जैसे कि झालर या मौआयर पैटर्न) आवृत्ति वाले पैटर्न में (जैसे कि कपड़े का टुकड़ा या इमारत की जालीदार खिड़की) प्रकट हो सकता है। यह एक ऐसी घटना है जो विषय के पैटर्न द्वारा छवि संवेदक के संरेखण में हस्तक्षेप पर घटित होती है, और यह ख़राबी नहीं है।
- कैमरा उपयोग में लाने के तुरंत बाद कैमरा, बैटरी या स्मृति कार्ड गरम हो सकते हैं। बैटरी या स्मृति कार्ड निकालते समय सावधानी बरतें।

☑ कैमरा तापमान



- जब मूवी की शूटिंग बहुत देर तक की जाए या जब कैमरे का उपयोग गरम प्रदेश में हो, तो कैमरा गरम हो सकता है।
- यदि मूवी रिकॉर्ड करते समय कैमरे का भीतरी भाग बहुत ज़्यादा गरम हो जाए, तो 30 सेकंड बाद कैमरा स्वचालित रूप से रिकॉर्डिंग बंद कर देगा।
  कैमरे द्वारा रिकॉर्डिंग रोकने तक (30 से.) शेष समय प्रदर्शित होता है।
  कैमरा द्वारा रिकॉर्डिंग बंद करने के पाँच सेकंड बाद, वह ख़ुद को बंद कर देता है।
  कैमरे का भीतरी भाग ठंडा होने तक कैमरा बंद ही रखें।

स्वतः-फ़ोकस

- जब मूवी मेनू में **Autofocus mode (स्वतः-फ़ोकस मोड)** को **Single AF (एकल AF)** (डिफ़ॉल्ट सेटिंग) पर सेट किया गया हो, तो फ़ोकस लॉक होता है जब ● (मूवी-रिकॉर्ड) बटन दबाया जाता है और रिकॉर्डिंग शुरू हो जाता है (📖 86)।
- कुछ परिस्थितियों में स्वतः-फ़ोकस अपेक्षानुसार निष्पादित नहीं कर सकता है (📖 25)। इन परिस्थितियों में निम्नलिखित पद्धतियों का उपयोग करें।
  1. रिकॉर्डिंग से पहले, मूवी मेनू में **Autofocus mode (स्वतः-फ़ोकस मोड)** को **Single AF (एकल AF)** (डिफ़ॉल्ट सेटिंग) पर सेट करें।
  2. कैमरे को किसी अन्य विषय पर लक्षित करें जो कैमरे से वांछित विषय जितनी दूरी पर ही अवस्थित हो, रिकॉर्डिंग आरंभ करने के लिए ● (मूवी-रिकॉर्ड) बटन दबाएँ, फिर कैमरे का लक्ष्य वांछित विषय पर साधें।

मूवी मोड में उपलब्ध फ़ंक्शन

- मूवी रिकॉर्ड करते समय, एक्सपोज़र कंपंसेशन, श्वेत संतुलन और रंग विकल्पों के लिए सेटिंग लागू किए जाते हैं। मैक्रो मोड सक्षम होने पर, कैमरे से पास वाले विषयों की मूवी को रिकॉर्ड किया जा सकता है। मूवी रिकॉर्डिंग आरंभ करने के पहले सेटिंग की पुष्टि करें।
- सेल्फ़-टाइमर का उपयोग करते समय, ● (मूवी-रिकॉर्ड) बटन दबाने के बाद कैमरा 10 सेकंड तक प्रतीक्षा करता है, फिर फ़ोकस करता है और रिकॉर्डिंग शुरू करता है।
- फ़्लैश नहीं चमकेगा|
- (मूवी) टैब का चयन करने के लिए MENU बटन दबाएँ और मूवी रिकॉर्डिंग आरंभ करने के पहले मूवी मेनू सेटिंग समायोजित करें (📖 83)।
- मूवी मेनू में **Electronic VR (इलेक्ट्रॉनिक VR)** (📖 86) के साथ मूवी रिकॉर्डिंग के लिए कंपन कमी को सेट किया जा सकता है।

मूवी रिकॉर्डिंग सेटिंग बदलना

मूवी मेनू से निम्नलिखित विकल्प समायोजित किए जा सकते हैं।

Movie options (मूवी विकल्प) 📖 85

रिकॉर्ड किए गए मूवी के प्रकार का चयन करें।

Autofocus mode (स्वतः-फ़ोकस मोड) 📖 86

चयन करें कि मूवी मोड में कैमरा किस प्रकार फ़ोकस करे।

Electronic VR (इलेक्ट्रॉनिक VR) 📖 86

मूवी की रिकॉर्डिंग करते समय प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक कंपन कमी सेटिंग का चयन करें।

Enhanced resolution (प्रवर्धित रिज़ॉल्यूशन) 📖 87

सेट करें कि मूवी रिकॉर्डिंग के दौरान रिज़ॉल्यूशन बढ़ाई जाए या नहीं।

मूवी मेनू प्रदर्शित करना

1 शूटिंग स्क्रीन को प्रदर्शित करें और MENU बटन दबाएँ।

मेनू प्रदर्शित होता है।





आसान स्वतः मोड, दृश्य मोड या स्मार्ट पोर्ट्रेट मोड का उपयोग करते समय, टैब प्रदर्शित करने के लिए बहु-चयनकर्ता (📖 11) ◀ दबाएँ।



2 बहु-चयनकर्ता ◀ दबाएँ।

अब आप टैब का चयन कर सकते हैं।



3 टैब का चयन करने के लिए ▲ या ▼ दबाएँ।



4 ▶ या OK बटन दबाएँ।

अब आप मूवी मेनू से एक मद का चयन कर सकते हैं।

सेटिंग (📖 11) का चयन करने और लागू करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें।

मूवी मेनू से बाहर निकलने के लिए MENU बटन दबाएँ या ◀ दबाएँ और अन्य टैब का चयन करें।



Movie Options (मूवी विकल्प)

शूटिंग स्क्रीन प्रदर्शित करें ➔ MENU ➔ (मूवी मेनू) (📖 83) ➔ Movie Options (मूवी विकल्प)

रिकॉर्ड किए गए मूवी के प्रकार का चयन करें।

विकल्प	विवरण
720p HD 720p (1280×720) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)	16:9 पक्ष अनुपात वाली मूवी रिकॉर्ड होती हैं। यह विकल्प चौड़े स्क्रीन के TV पर प्लेबैक के लिए उपयुक्त है। • छवि आकार: 1280 × 720 पिक्सेल • मूवी बिटरेट : 9 Mbps
VGA VGA (640×480)	4:3 पक्ष अनुपात वाली मूवी रिकॉर्ड होती हैं। • छवि आकार: 640 × 480 पिक्सेल • मूवी बिटरेट: 3 Mbps

- मूवी बिटरेट, प्रति सेकंड रिकॉर्ड किए गए मूवी डेटा की मात्रा है। परिवर्तनशील बिटरेट (VBR) प्रणाली अपनाने के कारण, मूवी रिकॉर्डिंग दर विषय के अनुसार स्वचालित रूप से भिन्न होती है ताकि अक्सर गतिशील विषयों से युक्त मूवी के लिए प्रति सेकंड अधिक डेटा रिकॉर्ड हो, जिससे मूवी फ़ाइल का आकार बढ़ जाता है।
- किसी भी विकल्प में फ़्रेम दर लगभग 30 फ़्रेम प्रति सेकंड है।

मूवी विकल्प और अधिकतम मूवी लंबाई

विकल्प	आंतरिक स्मृति (लगभग 102 MB)	स्मृति कार्ड (4 GB)*
720p HD 720p (1280×720) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)	1 मिनट 32 से.	55 मिनट
VGA VGA (640×480)	4 मिनट 22 से.	2 घं. 30 मि.

सभी आँकड़े अनुमानित हैं। प्रयुक्त स्मृति कार्ड प्रकार, रिकॉर्ड की गई मूवी की बिटरेट आदि के आधार पर अधिकतम मूवी लंबाई भिन्न हो सकती है।

* एकल मूवी के लिए अधिकतम फ़ाइल आकार 4 GB और एकल मूवी के लिए अधिकतम मूवी लंबाई 29 मिनट हैं, भले ही लंबी रिकॉर्डिंग के लिए स्मृति कार्ड में पर्याप्त रिक्त स्थान हो।

अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए "फ़ाइल और फ़ोल्डर नाम" (📖 131) देखें।

Autofocus Mode (स्वतः-फ़ोकस मोड)

शूटिंग स्क्रीन प्रदर्शित करें ➔ MENU ➔ (मूवी मेनू) (🕮 83) ➔ Autofocus mode (स्वतः-फ़ोकस मोड)

चयन करें कि मूवी मोड में कैमरा किस प्रकार फ़ोकस करे।

सेटिंग	विवरण
AF-S Single AF (एकल AF) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)	रिकॉर्डिंग आरंभ करने के लिए ● (मूवी-रिकॉर्ड) बटन को दबाने पर फ़ोकस लॉक हो जाता है। जब कैमरा और विषय के बीच की दूरी काफ़ी सुसंगत हो, तब इस विकल्प का चयन करें।
AF-F Full-time AF (पूर्ण-कालिक AF)	कैमरा सतत रूप से फ़ोकस करता है। जब रिकॉर्डिंग के दौरान कैमरा और विषय के बीच की दूरी पर्याप्त रूप से परिवर्तित होती रहेगी, तब इस विकल्प का चयन करें। रिकॉर्ड की गई मूवी में कैमरा फ़ोकस करने की ध्वनि सुनी जा सकती है। कैमरा फ़ोकसिंग की ध्वनि द्वारा रिकॉर्डिंग के साथ हस्तक्षेप से बचने के लिए **Single AF (एकल AF)** के उपयोग की सिफ़ारिश की जाती है।

Electronic VR (इलेक्ट्रॉनिक VR)

शूटिंग स्क्रीन प्रदर्शित करें ➔ MENU ➔ (मूवी मेनू) (🕮 83) ➔ Electronic VR (इलेक्ट्रॉनिक VR)

मूवी की रिकॉर्डिंग करते समय प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक कंपन कमी सेटिंग का चयन करें।

विकल्प	विवरण
On (चालू) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)	मूवी मोड में कैमरा कंपन के प्रभाव को कम करता है।
OFF Off (बंद)	इलेक्ट्रॉनिक VR को सक्षम नहीं किया गया है।

जब इलेक्ट्रॉनिक VR को **On (चालू)** पर सेट किया जाए, तो मूवी रिकॉर्डिंग आरंभ होने पर प्रदर्शित होता है (🕮 8)।

Enhanced Resolution (प्रवर्धित रिज़ॉल्यूशन)

शूटिंग स्क्रीन प्रदर्शित करें➔ MENU ➔ (मूवी मेनू) (🕮 83) ➔ Enhanced Resolution (प्रवर्धित रिज़ॉल्यूशन)

सेट करें कि मूवी रिकॉर्डिंग के दौरान रिज़ॉल्यूशन बढ़ाई जाए या नहीं।

विकल्प	विवरण
Auto (स्वतः) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)	रिज़ॉल्यूशन स्वतः रूप से परिवर्धित होता है। छाया-चित्र स्पष्ट प्रकट होते हैं। कुछ परिस्थितियों में, जैसे कि जब विषय मंद प्रकाश में हो, वांछित परिणाम हासिल नहीं हो सकते हैं।
Off (बंद)	प्रवर्धित रिज़ॉल्यूशन अक्षम किया गया है।

जब विषय की उज्ज्वलता में गंभीर रूप से परिवर्तन हो, तब **Off (बंद)** का चयन समुचित होता है। सेटिंग बदलें और प्रत्येक परिस्थिति के लिए आदर्श सेटिंग का पता लगाने के लिए प्रयोग करें।

मूवी प्लेबैक

पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड (📖 26), में मूवी विकल्प आइकन (📖 85) द्वारा मूवी की पहचान की जा सकती है। मूवी प्ले करने के लिए, उसे पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड में प्रदर्शित करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

प्लेबैक के दौरान वॉल्यूम समायोजित करने के लिए ज़ूम नियंत्रण **T/W** का उपयोग करें।

प्लेबैक नियंत्रण मॉनीटर के शीर्ष पर प्रदर्शित होते हैं । नियंत्रण का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ◀ या ▶ दबाएँ और निम्नलिखित परिचालन निष्पादित करने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ।



फ़ंक्शन	आइकन	विवरण	
रीवाइंड	◀◀	मूवी को पीछे ले जाएँ। जब Ⓚ बटन रिलीज़ किया जाता है, तो प्लेबैक पुनः आरंभ होता है।	
एडवांस	▶▶	मूवी को आगे बढ़ाएँ। जब Ⓚ बटन रिलीज़ किया जाता है, तो प्लेबैक पुनः आरंभ होता है।	
विराम	❚❚	प्लेबैक को विराम दें। प्लेबैक को विराम देने पर मॉनीटर के शीर्ष में प्रदर्शित नियंत्रणों का उपयोग करके निम्न ऑपरेशंस किए जा सकते हैं।	
	◀❚	मूवी को एक फ़्रेम पीछे ले जाएँ। जब Ⓚ बटन दबा रहता है, तब पीछे जाना जारी रहता है।	
	❚▶	मूवी को एक फ़्रेम आगे ले जाएँ। जब Ⓚ बटन दबा रहता है, तब आगे बढ़ना जारी रहता है।	
	▶	प्लेबैक पुनरारंभ।	
	✂	मूवी के अवांछित हिस्सों को काटने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ ताकि मूवी के केवल वांछित भाग सहेजे जाते हैं (📖 89)।	
समाप्त	■	प्लेबैक बंद करें और पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक में लौटें।	

☑ मूवी प्लेबैक पर नोट

केवल COOLPIX L310 से रिकॉर्ड की गई मूवी प्लेबैक की जा सकती हैं।

मूवी हटाना

मूवी का चयन करें और पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक मोड (📖 62) या थंबनेल प्लेबैक मोड (📖 63) में चयन करें और 🗑 बटन दबाएँ। एक पुष्टिकरण संवाद प्रदर्शित होता है।

अधिक जानकारी के लिए "अनावश्यक छवियाँ हटाएँ" (📖 27) देखें।



मूवी संपादित करना

रिकॉर्ड की गई मूवी के वांछित भाग अलग फ़ाइल के रूप में सहेजे जा सकते हैं।

1 वांछित मूवी को प्लेबैक करें और प्लेबैक को विराम दें (🕮 88)।

2 नियंत्रण का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ◀ या ▶ दबाएँ और फिर Ⓚ बटन दबाएँ।

मूवी संपादन स्क्रीन प्रदर्शित होता है।

3 नियंत्रण (प्रारंभिक बिंदु का चयन करें) का चयन करने के लिए ▲ या ▼ दबाएँ।

मूवी संपादित करते समय, मूवी को रोकने पर प्रदर्शित फ़्रेम संपादन का प्रारंभिक बिंदु है।

मूवी के वांछित भाग के प्रारंभ में प्रारंभिक बिंदु को सरकाने के लिए ◀ या ▶ दबाएँ।

संपादन रद्द करने के लिए, ↩ (वापसी) के चयनार्थ, ▲ या ▼ दबाएँ और Ⓚ बटन दबाएँ।



4 (अंतिम बिंदु का चयन करें) का चयन करने के लिए ▲ या ▼ दबाएँ।

मूवी के वांछित भाग के अंत में दाहिने किनारे पर अंतिम बिंदु को सरकाने के लिए ◀ या ▶ दबाएँ।

▶ (पूर्वावलोकन) का चयन करें और सहेजे जाने वाले मूवी के विशिष्ट भाग को प्लेबैक करने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ।

जब पूर्वावलोकन चल रहा हो, तब वॉल्यूम समायोजित करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **T/W** पर घुमाएँ। जब पूर्वावलोकन प्लेबैक हो रहा हो, तब प्लेबैक रोकने के लिए दोबारा Ⓚ बटन दबाएँ।



5 जब सेटिंग समाप्त हों, तब **Save (सुरक्षित करें)** का चयन करने के लिए ▲ या ▼ दबाएँ और Ⓚ बटन दबाएँ।

6 **Yes (हाँ)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

संपादित मूवी सहेजी गई है।

बिना सहेजे बाहर निकलने के लिए, **No (नहीं)** का चयन करें।



मूवी संपादन पर नोट

- संपादन द्वारा तैयार की गई मूवी को दोबारा ट्रिम नहीं किया जा सकता है। मूवी के अन्य क्षेत्र को ट्रिम करने के लिए, मूल मूवी का चयन और संपादन करें।
- मूवी एक-सेकंड के अंतराल पर ट्रिम की जाती हैं, अतः मूवी का वास्तविक ट्रिम किया गया भाग चयनित प्रारंभिक और अंतिम बिंदु से थोड़ा अलग हो सकता है। मूवीज को ट्रिम नहीं किया जा सकता इसलिए कि उनकी लंबाई 2 सेकंड से कम है।
- जब आंतरिक स्मृति या स्मृति कार्ड पर संपादित कॉपियों को सहेजने के लिए पर्याप्त रिक्त स्थान न हो, तब संपादन फ़ंक्शन उपलब्ध नहीं होते हैं।

अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए "फ़ाइल और फ़ोल्डर नाम" (📖 131) देखें।

TV से कनेक्ट करना

टेलीविज़न पर छवियों को प्लेबैक करने के लिए वैकल्पिक ऑडियो/वीडियो केबल (🕮 129) का उपयोग करते हुए कैमरा को TV से कनेक्ट करें।

1 कैमरा बंद करें।



2 कैमरा को TV से कनेक्ट करें।

ऑडियो/वीडियो केबल के पीले प्लग को TV पर वीडियो-इन जैक में, और सफ़ेद प्लग को ऑडियो-इन जैक में कनेक्ट करें।



3 टेलीविज़न को वीडियो चैनल पर ट्यून करें।

विवरण के लिए अपनी टेलीविज़न के साथ आए दस्तावेज़ों को देखें।

4 कैमरा चालू करने के लिए ▶ बटन को दबाए रखें।

कैमरा प्लेबैक मोड में चला जाता है, और कैप्चर की गई छवियाँ टेलीविज़न पर प्रदर्शित की जाती हैं।

TV से कनेक्ट होने पर कैमरा मॉनीटर बंद रहता है।



☑ केबल कनेक्ट करने के बारे में नोट्स

केबल कनेक्ट करते समय सुनिश्चित करें कि कैमरा कनेक्टर ठीक से समन्वित है। कैमरा से केबल कनेक्ट करते समय बल का प्रयोग न करें। केबल को डिस्कनेक्ट करते समय कनेक्टर को तिरछा करके न खींचें।

☑ यदि छवियाँ टेलीविज़न पर न दिखाई दे

सुनिश्चित करें कि कैमरे का वीडियो मोड सेटिंग आपके TV में प्रयुक्त मानक के अनुरूप है। वीडियो मोड सेटिंग **Set up (सेटअप)** मेनू (🕮 103) → **TV settings (TV सेटिंग्स)** (🕮 119) में सेट किया गया एक विकल्प है।

ViewNX 2 का उपयोग करना

ViewNX 2 ऑल-इन-वन सॉफ़्टवेयर पैकेज़ है, जो आपको छवि स्थानांतरित करने, देखने, संपादित और साझा करने में सक्षम करता करें।

ViewNX 2 इंस्टॉलर CD-ROM का उपयोग कर, ViewNX 2 इंस्टॉल करें।

ViewNX 2 को इंस्टॉल करना

- इंटरनेट कनेक्शन आवश्यक है।

संगत ऑपरेटिंग सिस्टम

Windows

- Windows 7 Home Basic/Home Premium/Professional/Enterprise/Ultimate (Service Pack 1)
- Windows Vista Home Basic/Home Premium/Business/Enterprise/Ultimate (Service Pack 2)
- Windows XP Home Edition/Professional (Service Pack 3)

Mac OS

- Mac OS X (संस्करण 10.5.8, 10.6.8, 10.7.2)

ऑपरेटिंग सिस्टम संगतता के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए, Nikon वेबसाइट देखें।

1 कंप्यूटर आरंभ करें और CD-ROM ड्राइव में ViewNX 2 इंस्टॉलर CD-ROM डालें।

- Mac OS: जब **ViewNX 2** विंडो प्रदर्शित होती है तो, तो **Welcome (स्वागत)** आइकन पर डबल-क्लिक करें।

2 इंस्टॉलेशन विंडो को खोलने के लिए भाषा चयन संवाद में भाषा का चयन करें।

- यदि वांछित भाषा उपलब्ध नहीं है, तो भिन्न क्षेत्र चुनने के लिए **Region Selection (क्षेत्र चयन)** पर क्लिक करें और फिर वांछित भाषा चुनें **Region Selection (क्षेत्र चयन)** बटन यूरोपीय रिलीज़ में उपलब्ध नहीं है।
- इंस्टॉलेशन विंडो प्रदर्शित करने के लिए **Next (अगला)** क्लिक करें।

3 इंस्टॉलर प्रारंभ करें।

- हम ViewNX 2 इंस्टॉल करने से पहले इंस्टॉलेशन मदद जानकारी और सिस्टम आवश्यकताएं जांचने के लिए इंस्टॉलेशन विंडो में **Installation Guide (इंस्टॉलेशन गाइड)** पर क्लिक करने की अनुशंसा करते हैं।
- इंस्टॉलेशन विंडो में **Typical Installation (Recommended) (विशेष इंस्टॉलेशन (अनुशंसित))** पर क्लिक करें।

4 सॉफ़्टवेयर डाउनलोड करें।

- जब **Software Download (सॉफ़्टवेयर डाउनलोड)** स्क्रीन प्रदर्शित होता है, क्लिक करें **I agree - Begin download (मैं सहमत हूँ - डाउनलोड शुरू करें)**।
- सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल करने के लिए, ऑन - स्क्रीन निर्देशों का पालन करे।

5 इंस्टॉलेशन पूर्ण स्क्रीन प्रदर्शित होने पर, इंस्टॉलर से बाहर आएं।

- Windows: **Yes (हाँ)** क्लिक करें।
- Mac OS: **OK (ठीक)** क्लिक करें।

निम्न सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल हो गया है:

- ViewNX 2 (नीचे दिए गए तीन मॉड्यूल्स से मिलकर बना है)
  - Nikon Transfer 2: कंप्यूटर पर छवियां स्थानांतरित करने के लिए
  - ViewNX 2: स्थानांतरित छवियों को देखना, संपादित करना और मुद्रित करना
  - Nikon Movie Editor (मूवी संपादक): स्थानांतरित मूवीज़ के मूल संपादन हेतु
- Panorama Maker 6 (पैनोरमा सहायता दृश्य मोड में शूट की गयी छवियों के सीरिज़ का उपयोग कर, एकल पैनोरमा फ़ोटो बनाने के लिए)
- QuickTime (केवल Windows)

6 ViewNX 2 इंस्टॉलर CD-ROM को CD-ROM ड्राइव से निकालें।

छवियों को कंप्यूटर पर स्थानांतरित करना

1 कंप्यूटर पर छवियों की कॉपी कैसे होगी, चुनें।

निम्न में एक विधि चुनें:

- **प्रत्यक्ष USB कनेक्शन:** कैमरा बंद करें और सुनिश्चित करें कि स्मृति कार्ड कैमरे में डाला गया है। आपूर्ति किया गए USB केबल का उपयोग करके कैमरे को कंप्यूटर से जोड़ें। कैमरा को चालू करें।
  कैमरे की आंतरिक स्मृति में सुरक्षित छवियों को स्थानान्तरित करने के लिए, कैमरे को कंप्यूटर से जोड़ने से पूर्व कैमरे से स्मृति कार्ड हटा दें।



- **SD कार्ड स्लॉट**: यदि आपके कंप्यूटर में SD कार्ड स्लॉट है, तो कार्ड प्रत्यक्ष रूप से स्लॉट में डाला जा सकता है।
- **SD कार्ड रीडर**: कार्ड रीडर (थर्ड-पार्टी सप्लायर्स से अलग उपलब्ध) को कंप्यूटर से कनेक्ट करें और स्मृति कार्ड डालें।

यदि आपको प्रोग्राम चुनने का सुझाव देता हुआ संदेश प्रदर्शित होता है, तो Nikon Transfer 2 का चयन करें।

- **Windows 7 का उपयोग करते समय**

  यदि दाएं दिखाया गया संवाद प्रदर्शित किया जाता है, तो Nikon Transfer 2 का चयन करने के लिए, नीचे दिए गए चरणों का अनुसरण करें।



  1 **Import pictures and videos (चित्र और वीडियो आयात करें)** के अंतर्गत, **Change program (प्रोग्राम परिवर्तित करें)** पर क्लिक करें। प्रोग्राम चयन संवाद प्रदर्शित किया जाएगा; **Import File using Nikon Transfer 2 (Nikon Transfer 2 का उपयोग कर फ़ाइल आयात करें)** और **OK (ठीक)** पर डबल क्लिक करें।

  2 **Import File** (फ़ाइल आयात करें) पर डबल क्लिक करें।

यदि स्मृति कार्ड में बहुत अधिक छवियां हैं, तो Nikon Transfer 2 को प्रारंभ होने में कुछ समय लग सकता है। Nikon Transfer 2 प्रारंभ होने तक प्रतीक्षा करें।

☑ USB केबल कनेक्ट करना

यदि कैमरा USB हब के माध्यम से कंप्यूटर पर कनेक्ट है, तो हो सकता है कनेक्शन की पहचान नहीं हुई हो।

2 छवियों को कंप्यूटर पर स्थानांतरित करें।

- पुष्टि करें कि कनेक्ट किए कैमरा या रिमूवेबल डिस्क का नाम Nikon Transfer 2 (①) के "Options" ("विकल्प") शीर्षक बार पर "Source" ("स्रोत") के रूप में प्रदर्शित है।
- **Start Transfer (स्थानांतरण प्रारंभ करें)** (②) पर क्लिक करें।

- डिफ़ॉल्ट सेटिंग्स पर स्मृति कार्ड में मौजूद सभी छवियों की कॉपी कंप्यूटर पर की जाएगी।

3 कनेक्शन रद्द करें।

- यदि कैमरा कंप्यूटर से कनेक्ट है, तो कैमरा बंद करें और USB केबल डिस्कनेक्ट करें। यदि आप कार्ड रीडर या कार्ड स्लॉट उपयोग कर रहे हैं, तो स्मृति कार्ड से संबंधित रिमूवेबल डिस्क को बाहर निकालने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम में उचित विकल्प चुनें और फिर कार्ड रीडर या कार्ड स्लॉट से कार्ड निकालें।

छवि देखना

ViewNX 2 प्रारंभ करें।

- स्थानांतरण पूर्ण होने पर, छवियां ViewNX 2 में प्रदर्शित की जाती हैं।
- ViewNX 2 उपयोग करने की अधिक जानकारी के लिए, ऑनलाइन मदद से सलाह लें।

ViewNX 2 को मैन्युअली प्रारंभ करना

- **Windows**: डेस्कटॉप पर **ViewNX 2** शॉर्टकट आइकन डबल-क्लिक करें।
- **Mac OS**: डॉक में **ViewNX 2** आइकन पर क्लिक करें।

किसी प्रिंटर से कनेक्ट करना

PictBridge-संगत (📖 144) प्रिंटरों के उपयोगकर्ता कंप्यूटर का उपयोग किए बिना कैमरे को सीधे प्रिंटर से कनेक्ट कर सकते हैं और छवियाँ मुद्रित कर सकते हैं। छवियाँ मुद्रित करने के लिए निम्न प्रक्रियाओं का पालन करें।


चित्र लेना
Print order (मुद्रण आदेश) विकल्प (📖 68) के उपयोग से मुद्रण हेतु छवियों का चयन करें
प्रिंटर से कनेक्ट करें (📖 98)
एक समय में एक छवि मुद्रित करें (📖 99)
एकाधिक छवियाँ मुद्रित करें (📖 100)
कैमरा बंद करें और USB केबल डिस्कनेक्ट करें

☑ पॉवर स्रोत के बारे में नोट्स

- कैमरा को प्रिंटर से जोड़ते समय, कैमरा के अप्रत्याशित रूप से बंद होने को रोकने के लिए कैमरा को पॉवर देने हेतु पर्याप्त चार्ज बाक़ी रहने वाली बैटरियों का उपयोग करें।
- लंबी अवधियों के लिए कैमरे को सतत रूप से पॉवर देने के लिए, AC अडैप्टर EH-67 (अलग से उपलब्ध) (📖 129) का उपयोग करें। किसी भी परिस्थिति में, AC अडैप्टर के किसी और बनावट या मॉडल का उपयोग न करें। इस सावधानी का पालन न करने पर कैमरा अधिक गरम हो सकता है या उसे नुक्सान पहुँच सकता है।

छवियाँ मुद्रित करना

आपके व्यक्तिगत प्रिंटर से कंप्यूटर पर स्थानांतरित की गई छवियों को मुद्रित करने और किसी प्रत्यक्ष कैमरा-से-प्रिंटर कनेक्शन से मुद्रित करने के अलावा, छवियाँ मुद्रित करने के लिए निम्न विकल्प भी उपलब्ध हैं:

- DPOF-संगत प्रिंटर कार्ड स्लॉट में स्मृति कार्ड डालें
- स्मृति कार्ड को डिजिटल फ़ोटो लैब ले जाएँ

इन पद्धतियों के उपयोग से मुद्रित करने के लिए, आप प्लेबैक मेनू (📖 68) में **Print order (मुद्रण आदेश)** के उपयोग द्वारा छवियाँ और प्रत्येक के लिए मुद्रण संख्या निर्दिष्ट कर सकते हैं।

कैमरा और प्रिंटर को कनेक्ट करना

1 कैमरा बंद करें।



2 प्रिंटर चालू करें।
प्रिंटर सेटिंग्स की जाँच करें।

3 कैमरा को शामिल किए गए USB केबल का उपयोग कर, प्रिंटर से कनेक्ट करें।
सुनिश्चित करें कि कनेक्टर्स ठीक से समन्वित हैं। कनेक्टर्स को तिरछा करके डालने का प्रयास न करें और USB केबल को कनेक्ट या डिस्कनेक्ट करते समय बल का प्रयोग न करें।



4 कैमरा चालू करें।
जब सही तरह जुड़ा हो, तो कैमरा मॉनीटर में **PictBridge** स्टार्ट-अप स्क्रीन (①) प्रदर्शित होता है। फिर **Print selection (मुद्रण चयन)** स्क्रीन प्रदर्शित होगा (②)।



①

② 

एक समय में एक छवि मुद्रित करना

कैमरे को प्रिंटर से ठीक से कनेक्ट करने के बाद (🕮 98), निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए छवियाँ मुद्रित करें।

1 अपेक्षित छवि का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

12 थंबनेल प्रदर्शित करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **W** (▦) पर और पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक में वापस स्विच करने के लिए **T** (🔍) पर घुमाएँ।



2 **Copies (कॉपियाँ)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।



3 कॉपियों की संख्या (अधिकतम नौ) का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।



4 **Paper size (काग़ज़ आकार)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।



5 इच्छित काग़ज़ आकार का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

प्रिंटर सेटिंग्स का उपयोग करते हुए काग़ज़ आकार निर्दिष्ट करने के लिए, काग़ज़ आकार मेनू में **Default (डिफ़ॉल्ट)** का चयन करें।



6 **Start print (मुद्रण आरंभ करें)** का चयन करें और Ⓞ बटन दबाएँ।



7 मुद्रण आरंभ।

मुद्रण पूरा होने पर मॉनीटर प्रदर्शन चरण 1 में दर्शाए गए रूप में लौटता है।

सभी कॉपियों को मुद्रण से पहले रद्द करने के लिए, Ⓞ बटन दबाएँ।



मौजूदा प्रिंट/ प्रिंटों की कुल संख्या

एकाधिक छवियाँ मुद्रित करना

कैमरा को प्रिंटर से सही तरह कनेक्ट करने के बाद (🕮 98), निम्न प्रक्रियाओं का पालन करते हुए छवियाँ मुद्रित करें।

1 जब **Print selection (मुद्रण चयन)** स्क्रीन प्रदर्शित होने पर MENU बटन दबाएँ।

Print menu (मुद्रण मेनू) प्रदर्शित होता है।



2 **Paper size (काग़ज़ आकार)** का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और Ⓞ बटन दबाएँ।

मुद्रण मेनू से बाहर आने के लिए MENU बटन दबाएँ।



3 इच्छित काग़ज़ आकार का चयन करें और Ⓞ बटन दबाएँ।

प्रिंटर सेटिंग्स का उपयोग करते हुए काग़ज़ आकार निर्दिष्ट करने के लिए, काग़ज़ आकार मेनू में **Default (डिफ़ॉल्ट)** का चयन करें।



4 **Print selection (मुद्रण चयन)**, **Print all images (सभी छवियाँ मुद्रित करें)** या **DPOF printing (DPOF मुद्रण)** का चयन करें और ⓞ बटन दबाएँ।



Print selection (मुद्रण चयन)

छवियाँ (99 तक) प्रत्येक के लिए कॉपियों की संख्या (नौ तक) का चयन करें।

- छवियों का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता ◀ या ▶ दबाएँ, और प्रत्येक के लिए कॉपियों की संख्या सेट करने हेतु ▲ या ▼ दबाएँ।
- मुद्रण के लिए चयनित छवियों को सही के निशान (✓) और मुद्रण होने वाली कॉपियों की संख्या अंक द्वारा दर्शाई जाती है। जिन छवियों के लिए कॉपियों की संख्या निर्दिष्ट नहीं की गई हैं वे मुद्रित नहीं की जाएँगी।
- पूर्ण-फ़्रेम प्लेबैक प्रदर्शित करने के लिए ज़ूम नियंत्रण को **T** (Q) पर, और 12 थंबनेल पर वापस स्विच करने के लिए **W** (▦) पर घुमाएँ।
- सेटिंग पूरी हो जाने पर ⓞ बटन दबाएँ।
- दाईं ओर दिखाया गया मेनू प्रदर्शित होता है। मुद्रित करने के लिए, **Start print (मुद्रण आरंभ करें)** का चयन करें और ⓞ बटन दबाएँ। **Cancel (रद्द करें)** को चुनें और मुद्रण मेनू में लौटने के लिए ⓞ बटन दबाएँ।



Print all images (सभी छवियाँ मुद्रित करें)

आंतरिक स्मृति, या स्मृति कार्ड में सहेजी गई सभी छवियाँ, एक समय में एक-एक करके मुद्रित होंगी।

- दाईं ओर दिखाया गया मेनू प्रदर्शित होता है। **Start print (मुद्रण आरंभ करें)** करें का चयन करें और ⓞ बटन दबाएँ। **Cancel (रद्द करें)** को चुनें और मुद्रण मेनू में लौटने के लिए ⓞ बटन दबाएँ।



DPOF printing (DPOF मुद्रण)

Print order (मुद्रण आदेश) (📖 68) में तैयार किए गए मुद्रण आदेश के लिए छवियाँ मुद्रित करें।

- दाईं ओर दिखाया गया मेनू प्रदर्शित होता है। मुद्रित करने के लिए, **Start print (मुद्रण आरंभ करें)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ। **Cancel (रद्द करें)** को चुनें और मुद्रण मेनू में लौटने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ।



- मौजूदा मुद्रण आदेश देखने के लिए, **View images (छवियाँ देखें)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ। छवियाँ मुद्रित करने के लिए, दोबारा Ⓚ बटन दबाएँ।

5 मुद्रण आरंभ।

जब मुद्रण संपन्न हो जाए तो मॉनीटर प्रदर्शन मुद्रित मेनू (चरण 2) में लौटता है।

सभी कॉपियों के मुद्रण से पहले रद्द करने के लिए, Ⓚ बटन दबाएँ।



मौजूदा मुद्रण / मुद्रण की कुल संख्या

कागज़ आकार

कैमरा निम्न कागज़ आकार का समर्थन करता है: **डिफ़ॉल्ट** (मौजूदा प्रिंटर के लिए डिफ़ॉल्ट कागज़ आकार), **3.5×5 in. (3.5×5 इंच.), 5×7 in. (5×7 इंच.), 100×150 mm (100×150 मि.मी.), 4×6 in. (4×6 इंच.), 8×10 in. (8×10 इंच.), Letter (पत्र), A3,** और **A4**। केवल मौजूदा प्रिंटर द्वारा समर्थित आकार प्रदर्शित होंगे।

सेटअप मेनू

सेटअप मेनू में निम्न विकल्प शामिल हैं।

Welcome screen (स्वागत स्क्रीन)	105
कैमरा चालू करने पर प्रदर्शित स्वागत स्क्रीन निर्दिष्ट करें।	
Time zone and date (समय क्षेत्र और तिथि)	106
कैमरा घड़ी सेट करें और गृह तथा गंतव्य समय क्षेत्रों का चयन करें।	
Monitor settings (मॉनीटर सेटिंग्स)	110
फ़ोटो जानकारी, छवि समीक्षा, और उज्ज्वलता सेटिंग्स समायोजित करें।	
Print date (मुद्रण तिथि)	112
छवियों पर तिथि अंकित करें।	
Vibration reduction (कंपन कमी)	113
स्थिर छवियाँ कैप्चर करने के लिए कंपन कमी सेटिंग निर्दिष्ट करें।	
Motion detection (गति पहचान)	114
निर्दिष्ट करें कि स्थिर छवियाँ लेते समय विषय की गति और कैमरा कंपन प्रभाव को कम करने के लिए गति पहचान का उपयोग किया गया है या नहीं।	
Sound settings (ध्वनि सेटिंग्स)	115
ध्वनि सेटिंग्स निर्दिष्ट करें।	
Auto off (स्वतः बंद)	116
समय की वह मात्रा तय कर सकते हैं जो पॉवर की बचत करने के लिए मॉनीटर के बंद होने के पहले गुज़रता है।	
Format memory/Format card (स्मृति फ़ॉरमेट करें/कार्ड फ़ॉरमेट करें)	117
आंतरिक स्मृति या स्मृति कार्ड को फ़ॉरमेट करें।	
Language (भाषा)	118
कैमरा मॉनीटर प्रदर्शन के लिए प्रयुक्त भाषा को चुनें।	
TV settings (TV सेटिंग्स)	119
किसी टेलीविज़न के साथ कनेक्शन के लिए सेटिंग्स समायोजित करें।	
Blink warning (ब्लिंक चेतावनी)	119
सेट करें कि चेहरा पहचान का उपयोग करते हुए चित्र लेते समय आँखें बंद रखने वाले मानवीय विषयों की पहचान करें या नहीं।	
Reset all (सभी रीसेट करें)	121
कैमरा सेटिंग्स को डिफ़ॉल्ट मानों पर बहाल करें।	
Battery type (बैटरी प्रकार)	123
प्रयुक्त बैटरियों के प्रकार का चयन करें।	
Firmware version (फ़र्मवेयर संस्करण)	124
कैमरा फ़र्मवेयर संस्करण प्रदर्शित करें।	

सेटअप मेनू प्रदर्शित करना

1 MENU बटन दबाएँ।

मेनू प्रदर्शित होता है।

आसान स्वतः मोड, दृश्य मोड या स्मार्ट पोर्ट्रेट मोड का उपयोग करते समय, टैब प्रदर्शित करने के लिए बहु-चयनकर्ता (🕮 11) ◀ दबाएँ।





2 बहु-चयनकर्ता ◀ दबाएँ।

अब आप टैब का चयन कर सकते हैं।



3 Y टैब का चयन करने के लिए ▲ या ▼ दबाएँ।



4 ▶ या OK बटन दबाएँ।

अब आप सेटअप मेनू से एक मद का चयन कर सकते हैं।

सेटिंग्स (🕮 11) का चयन करने व लागू करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें।

सेटअप मेनू से बाहर निकलने के लिए MENU बटन दबाएँ या ◀ दबाएँ और अन्य टैब का चयन करें।



Welcome Screen (स्वागत स्क्रीन)

MENU बटन ➔ (सेटअप मेनू) (📖 104) ➔ Welcome Screen (स्वागत स्क्रीन)

कैमरा चालू करने पर प्रदर्शित स्वागत स्क्रीन निर्दिष्ट करें।

None (कोई नहीं) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)

जब कैमरा चालू किया जाए तो स्वागत स्क्रीन प्रदर्शित नहीं होता है; शूटिंग मोड या प्लेबैक मोड स्क्रीन प्रदर्शित होता है।

COOLPIX

जब कैमरा चालू किया जाए तो स्वागत स्क्रीन प्रदर्शित होता है, उसके बाद शूटिंग मोड या प्लेबैक मोड स्क्रीन प्रदर्शित होता है।

Select an image (छवि चुनें)

इस कैमरा से कैप्चर की गई छवि का स्वागत स्क्रीन के रूप में उपयोग किया जाता है। जब छवि चयन स्क्रीन प्रदर्शित होता है (📖 73), तो अपेक्षित छवि का चयन करें और स्वागत स्क्रीन के रूप में उस छवि के पंजीकरण के लिए OK बटन दबाएँ।

- जब कैमरे द्वारा चयनित छवि सहेजी जाती है, मूल छवि हटाई जाने के बावजूद स्वागत स्क्रीन पर यह छवि प्रदर्शित होती है।
- **4224×2376** या **1920×1080** सेटिंग के **Image mode (छवि मोड)** (📖 54) सहित कैप्चर की गई छवियों, और छोटा चित्र (📖 78) या क्रॉप (📖 79) के उपयोग से तैयार छवि कॉपियों को, जो 320 × 240 या छोटी हों, नहीं चुन सकते हैं।

Time Zone and Date (समय क्षेत्र और तिथि)

MENU बटन ➔ (सेटअप मेनू) (📖 104) ➔ Time zone and date (समय क्षेत्र और तिथि)

कैमरा घड़ी को सेट करें।

Date and time (तिथि और समय)



कैमरा घड़ी को मौजूदा तिथि और समय पर सेट करें। तिथि और समय सेट करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें।

- एक मद का चयन करें: ◀ या ▶ दबाएँ (**D (द)**, **M (म)**, **Y (व)**, **घंटा**, और **मिनट** के बीच परिवर्तन के लिए)।
- हाइलाइट किए गए मद को संपादित करें: ▲ या ▼ दबाएँ।
- सेटिंग लागू करें: मिनट का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

Date format (तिथि स्वरूप)

तिथि को **Year/Month/Day (वर्ष/महीना/दिन)**, **Month/Day/Year (महीना/दिन/वर्ष)**, या **Day/Month/Year (दिन/महीना/वर्ष)** क्रम में प्रदर्शित किया जा सकता है।

Time zone (समय क्षेत्र)

गृह (🏠) समय क्षेत्र (जिला) या दिवस-प्रकाश बचत समय सेट करें। जब गंतव्य (✈) समय क्षेत्र का चयन किया जाता है, तो समय में अंतर (📖 109) की गणना स्वचालित रूप से होती है और चयनित क्षेत्र में तिथि और समय सहेजे जाते हैं। यह यात्रा करते समय उपयोगी होगा।

यात्रा गंतव्य समय क्षेत्र सेट करना

1 **Time zone (समय क्षेत्र)** का चयन करने के लिए बहु-चयनकर्ता का उपयोग करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

Time zone (समय क्षेत्र) मेनू प्रदर्शित होता है।



2 ✈ **Travel destination (यात्रा गंतव्य)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।

मॉनीटर में प्रदर्शित तिथि और समय मौजूदा चयनित क्षेत्र के अनुसार परिवर्तित होता है।



3 ▶ दबाएँ।

समय क्षेत्र चयन स्क्रीन मेनू प्रदर्शित होता है।



4 यात्रा गंतव्य समय क्षेत्र (शहर का नाम) का चयन करने के लिए ◀ या ▶ दबाएँ।

कैमरा का किसी ऐसे क्षेत्र में उपयोग करने के लिए जहाँ दिवस-प्रकाश बचत समय प्रभावी हो, मॉनीटर के शीर्ष पर चिह्न प्रदर्शित करने के लिए ▲ दबाएँ और दिवस-प्रकाश बचत समय सेट करें। जब दिवस-प्रकाश बचत समय प्रभावी होता है, तो घड़ी स्वचालित रूप से एक घंटा आगे हो जाती है। दिवस-प्रकाश बचत समय सेटिंग को बंद करने के लिए, ▼ दबाएँ।

यात्रा गंतव्य में प्रवेश करने के लिए Ⓚ बटन दबाएँ।

जब यात्रा गंतव्य समय क्षेत्र चयनित रहता है, कैमरा के शूटिंग मोड में रहने के दौरान ✈ आइकन मॉनीटर में प्रदर्शित किया जाएगा।



घड़ी की बैटरी

कैमरे की घड़ी एक घड़ी बैटरी से शक्ति-चालित है जो कैमरा को पॉवर देने वाली बैटरियों से स्वतंत्र है। जब मेन बैटरियाँ स्थापित की जाती हैं या AC अडैप्टर जोड़ा जाता है, तो घड़ी बैटरी चार्ज होती है, और लगभग 10 घंटों की चार्जिंग के बाद कई दिनों तक बैकअप पॉवर प्रदान कर सकती है।

⌂ (गृह समय क्षेत्र)

- गृह समय क्षेत्र में स्विच करने के लिए चरण 2 में ⌂ **Home time zone (गृह समय क्षेत्र)** का चयन करें और Ⓚ बटन दबाएँ।
- गृह समय क्षेत्र में बदलने के लिए चरण 2 में ⌂ **Home time zone (गृह समय क्षेत्र)** का चयन करें और गृह समय क्षेत्र को सेट करने के लिए चरण 3 और 4 निष्पादित करें।

दिवस-प्रकाश बचत समय

जब दिवस-प्रकाश बचत समय प्रारंभ या समाप्त होता है, तब चरण 4 में समय क्षेत्र चयन स्क्रीन का उपयोग करते हुए दिवस-प्रकाश बचत समय विकल्प को चालू या बंद करें।

छवियों पर तिथि अंकित करना

तिथि और समय सेट करने के बाद, सेटअप मेनू में **Print date (मुद्रण तिथि)** सेटिंग (🕮 112) को सेट करें। जैसे ही **Print date (मुद्रण तिथि)** सेट हो जाता है, चित्र लेते समय छवि डेटा पर शूटिंग तिथि और समय अंकित किए जा सकते हैं।

समय क्षेत्र

कैमरा नीचे सूचीबद्ध समय क्षेत्रों को समर्थन देता है।
नीचे सूचीबद्ध न किए गए समय क्षेत्रों के लिए, कैमरा घड़ी को मैनुअल रूप से सेटअप मेनू में **Date and time (तिथि और समय)** के उपयोग द्वारा स्थानीय समय पर सेट करें।

UTC +/-	समय क्षेत्र
-11	Midway, Samoa
-10	Hawaii, Tahiti
-9	Alaska, Anchorage
-8	PST (PDT): Los Angeles, Seattle, Vancouver
-7	MST (MDT): Denver, Phoenix
-6	CST (CDT): Chicago, Houston, Mexico City
-5	EST (EDT): New York, Toronto, Lima
-4.5	Caracas
-4	Manaus
-3	Buenos Aires, Sao Paulo
-2	Fernando de Noronha
-1	Azores
±0	London, Casablanca

UTC +/-	समय क्षेत्र
+1	Madrid, Paris, Berlin
+2	Athens, Helsinki, Ankara
+3	Moscow, Nairobi, Riyadh, Kuwait, Manama
+4	Abu Dhabi, Dubai
+5	Islamabad, Karachi
+5.5	New Delhi
+6	Colombo, Dhaka
+7	Bangkok, Jakarta
+8	Beijing, Hong Kong, Singapore
+9	Tokyo, Seoul
+10	Sydney, Guam
+11	New Caledonia
+12	Auckland, Fiji

Monitor Settings (मॉनीटर सेटिंग्स)

MENU बटन ➔ (सेटअप मेनू) (📖 104) ➔ Monitor settings (मॉनीटर सेटिंग्स)

निम्नलिखित सेटिंग्स उपलब्ध हैं।

Photo info (फ़ोटो जानकारी)

शूटिंग और प्लेबैक मोड के दौरान मॉनीटर पर प्रदर्शित जानकारी का चयन करें। (📖 111)

Image review (छवि समीक्षा)

- **On (चालू)** (डिफ़ॉल्ट सेटिंग): शूटिंग के बाद छवियाँ स्वचालित रूप से थोड़ी देर के लिए प्रदर्शित होती हैं।
- **Off (बंद)**: शूटिंग के बाद छवियाँ प्रदर्शित नहीं होती हैं।

Brightness (उज्ज्वलता)

मॉनीटर उज्ज्वलता के लिए पाँच सेटिंग्स से चयन करें। डिफ़ॉल्ट सेटिंग **3** है।

Photo Info (फ़ोटो जानकारी)

चयन करें कि फ़ोटो जानकारी प्रदर्शित होती है या नहीं।
मॉनीटर में सूचकों पर जानकारी के लिए "मॉनीटर" (🕮 8, 9) देखें।

	शूटिंग मोड	प्लेबैक मोड
Show info (जानकारी दिखाएँ)		
Auto info (स्वतः जानकारी) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग)	**Show info (जानकारी दिखाएँ)** के समान जानकारी प्रदर्शित होती है। अगर कुछ समय तक कोई प्रचालन न हो, तो प्रदर्शन **Hide info (जानकारी छिपाएँ)** के समान होगा। फिर जब कोई प्रचालन निष्पादित होगा तो जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।	
Hide info (जानकारी छिपाएँ)		
Framing grid+auto info (फ़्रेमिंग ग्रिड+स्वतः जानकारी)	 ऊपर **Auto info (स्वतः जानकारी)** के साथ दर्शाई गई जानकारी के अतिरिक्त, चित्रों को फ़्रेम करने में सहायता के लिए एक फ़्रेमिंग ग्रिड प्रदर्शित होती है। यह मूवी रिकॉर्ड करते समय प्रदर्शित नहीं होता है।	 **Auto info (स्वतः जानकारी)** के समान जानकारी प्रदर्शित होती है।
Movie frame+auto info (मूवी फ़्रेम+स्वतः जानकारी)	 ऊपर **Auto info (स्वतः जानकारी)**, के साथ दर्शाई गई जानकारी के अतिरिक्त, रिकॉर्डिंग शुरू होने से पहले एक फ़्रेम प्रदर्शित होता है जो उस क्षेत्र को दर्शाता है जो मूवी रिकॉर्ड करने के दौरान कैप्चर किया जाएगा।	**Auto info (स्वतः जानकारी)** के समान जानकारी प्रदर्शित होती है।

Print Date (मुद्रण तिथि)

MENU बटन ➔ (सेटअप मेनू) (📖 104) ➔ Print date (मुद्रण तिथि)

शूटिंग के दौरान छवियों पर शूटिंग तिथि और समय अंकित किए जा सकते हैं। यह शूटिंग तिथि और समय मुद्रण के समय छवियों पर अंकित होंगी, भले ही प्रिंटर तिथि मुद्रण का समर्थन न करता हो (📖 70)।

DATE	Date (तिथि) छवियों पर तिथि अंकित होती है।
DATE	Date and time (तिथि और समय) छवियों पर तिथि और समय अंकित होते हैं।
OFF	Off (बंद) (डिफ़ॉल्ट सेटिंग) छवियों पर तिथि और समय अंकित नहीं होते हैं।

Off (बंद) के अतिरिक्त अन्य सेटिंग्स पर, मौजूदा सेटिंग के लिए आइकन मॉनीटर पर प्रदर्शित होता है (📖 8)।

मुद्रण तिथि के बारे में नोट

- अंकित तिथियाँ छवि डेटा का स्थाई हिस्सा होती हैं और ये हटाई नहीं जा सकती हैं। कैप्चर किए जाने के बाद छवियों पर तिथि और समय को अंकित नहीं किया जा सकता है।
- निम्नलिखित परिस्थितियों में मुद्रण तिथि अक्षम हो जाता है।
  - जब **Museum (संग्रहालय)** या **Panorama assist (पैनोरमा सहायता)** दृश्य मोड का उपयोग किया जा रहा हो, या जब **Pet portrait (पेट पोर्ट्रेट)** दृश्य मोड का उपयोग करते समय **Continuous (सतत)** किया गया हो।
  - जब सतत खेल मोड का उपयोग किया जा रहा हो
  - जब सतत (📖 58) को **Continuous (सतत)** या **BSS** पर सेट किया गया हो
  - मूवी रिकॉर्ड करते समय
- **640×480** के **Image mode (छवि मोड)** सेटिंग (📖 54) में अंकित तिथि को पढ़ने में परेशानी हो सकती है। मुद्रण तिथि का उपयोग करते समय **1024×768** या बड़ा चुनें।
- सेटअप मेनू के **Time zone and date (समय क्षेत्र और तिथि) तिथि** विकल्प (📖 16, 106) में चयनित स्वरूप के उपयोग द्वारा तिथि सहेजा जाता है।

मुद्रण तिथि और मुद्रण आदेश

जब छवियों को DPOF-संगत प्रिंटरों से मुद्रित किया जाता है जो तिथि और शूटिंग जानकारी मुद्रित कर सकते हैं, तब आप **Print order (मुद्रण आदेश)** (📖 68) का उपयोग कर सकते हैं और छवियों पर शूटिंग तिथि और शूटिंग जानकारी मुद्रित कर सकते हैं। ऐसे मामले में, **Print date (मुद्रण तिथि)** का उपयोग करते हुए पहले ही छवियों पर तिथि और समय अंकित करना अनावश्यक है।

Vibration Reduction (कंपन कमी)

MENU बटन ➔ (सेटअप मेनू) (📖 104) ➔ Vibration reduction (कंपन कमी)

स्थिर छवियाँ शूट करने के लिए कंपन कमी सेटिंग निर्दिष्ट करें। कंपन कमी, ज़ूम या धीमी शटर गतियों के साथ शूटिंग के दौरान सामान्यतः होने वाले धुंधलेपन को प्रभावी रूप से सुधारती है। शूटिंग के दौरान कैमरा को स्थिर करने के लिए तिपाई का उपयोग करते समय कंपन कमी को **Off (बंद)** पर सेट करें।

On (hybrid) (चालू (हाइब्रिड))

छवि-संवेदक शिफ़्ट कंपन कमी कैमरा कंपन के प्रभाव को कम करती है। इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित परिस्थितियों में छवियों के संसाधन और कैमरा कंपन के प्रभाव को हटाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कंपन कमी का उपयोग किया जाता है।

